

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

# सोन वर्षा वाणी

facebook.com/svvpress

हिन्दी दैनिक

11 आज क्वॉलिफायर -2 में भिड़ेंगे गुजरात-मुंबई | सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित किया गया मोबाइल लोक अदालत 12

वर्ष : 25 | अंक : 170 | औरंगाबाद, शुक्रवार, 26 मई, 2023 | आर.एन.आई BIHHIN/1998/03009 | पेज : 12 | मूल्य : रु. 2.00 | www.sonvarshavani.com


उद्घाटन | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के नए भवन का करेंगे उद्घाटन

## विपक्ष के बहिष्कार के बीच 24 पार्टियां होंगी नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** 28 मई को होने वाले संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह में 21 विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच 24 राजनीतिक पार्टियां शामिल होंगी। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह जो पार्टियां शिरकत करेंगी, उनमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल 18 दल और छह गैर एनडीए दलों के नाम शामिल हैं। संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह में एनडीए के जो 18 दल हिस्सा लेंगे, उनमें बीजेपी, शिवसेना-शिंदे, मेघालय की नेशनल पीपुल्स पार्टी मेघालय, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जन-नायक पार्टी, एआईएडीएमके, आईएमकेएमके, एजेएसयू, आरपीआई, मिजो नेशनल फ्रंट, तमिल मनीला कंग्रेस, आईटीएफटी (त्रिपुरा), बोडो पीपुल्स पार्टी, पट्टाली मक्कल काची, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, अपना दल और असम गण परिषद शामिल हैं। वहीं, समारोह में 28 मई को छह गैर एनडीए पार्टियां- लोक जनशक्ति पार्टी (पासवान), बीजेडी, बीएसपी, टीडीपी और वाईएसआरसीपी और जेडीएस शामिल होंगी। जेडीएस की ओर से पार्टी प्रमुख और पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा समारोह में शामिल होंगे। गौर करने वाली बात है की इस महत्वपूर्ण समारोह में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती का साथ मिला है। उन्होंने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का समर्थन किया है। हालांकि, अपने अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण वह खुद समारोह में शामिल नहीं होने की बात कह रही हैं लेकिन माना जा रहा है कि उनकी पार्टी की ओर से कोई प्रतिनिधि समारोह में शामिल हो सकता है।

नेपाली नगर मामले में पटना हाईकोर्ट का फैसला

## 5-5 लाख मुआवजा दे सरकार, 2018 से पहले बने मकानों का होगा सेटलमेंट

निज संवाददाता



**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने नेपाली नगर में जिला प्रशासन की ओर से बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाने के मामले पर अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने प्रशासन के नेपालीनगर क्षेत्र में मकान तोड़े जाने को अवैध ठहराया है। हाईकोर्ट ने कहा कि जो भी निर्माण 2018 के पहले हुआ है, उस पर दीघा लैण्ड सेटलमेंट एक्ट के तहत सेटलमेंट किया जाना चाहिए। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने 17 नवंबर, 2022 को इस मामले पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था, हाईकोर्ट ने अपना फैसला गुरुवार को सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जिन लोगों के मकानों को गैर कानूनी तरीके से तोड़ा गया है, उन्हें राज्य सरकार पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा दे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि क्षतिपूर्ति की राशि अगर अधिक हो, तो उस पर विचार कर देना सुनिश्चित करें।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने संसद के नए भवन का उद्घाटन पर समारोह के बहिष्कार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

निज संवाददाता



**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने संसद के नए भवन का उदघाटन पर 19 विपक्षी दलों द्वारा उदघाटन समारोह के बहिष्कार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत के संसदीय स्तंभ के रूप में नए संसद भवन के उद्घाटन का विरोध भारत के लोकतंत्र का अपमान हैं। विपक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते कद्दावर व्यक्तित्व से घबरा गया है एवं अवसाद में हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में भी बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन का उदघाटन मुख्यमंत्री ने किया था। छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन विधानसभा भवन का भूमि पूजन सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से कराया गया था। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष गरिमामय उपस्थिति में थे। इस तरह के विरोध से ना भारत की प्रगति रुकेगी ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बढ़ता कद्दावर व्यक्तित्व रुकेगा। देश के सम्मान, संप्रभूता एवं स्वाभिमान पर दलगत राजनीति नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते यह देश विरोध पर उतर आए हैं, जब दुनिया भर में भारत की साख के चर्चे हैं, तब इस गौरवशाली अवसर का विरोध विपक्षी दलों की ओछी राजनीति और कुंठा से ज्यादा कुछ नहीं हैं। जो दल आज देश की संसद भवन का विरोध कर रहे हैं उन्हें देश की जनता देख रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, ऐसे वक्त पर विपक्ष का विरोध भारत के लोकतंत्र में उचित नहीं हैं। उन्होंने विपक्ष से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जिससे कि देश के लिए सत्ता एवं प्रतिपक्ष एक है यह संदेश भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा।

मुजफ्फरपुर में टेक्सटाइल हब की हुई शुरुआत

## उद्योग मंत्री समीर महासेठ के साथ अपर मुख्य सचिव संदीप पोंड्रिक ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र में टेक्सटाइल हब की शुरुआत हो गयी है। इसका उद्घाटन गुरूवार को बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ और अपर मुख्य सचिव संदीप पोंड्रिक के द्वारा किया गया। टेक्सटाइल हब के उद्घाटन के बाद उद्योग मंत्री समीर महासेठ और अपर मुख्य सचिव संदीप पोंड्रिक ने उद्योग विभाग की ओर से संचालित की जानेवाली योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने बताया कि हाल के दिनों में कई बड़े निवेशकों का बियाडा में खास कर गारमेंट सेक्टर में रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा की प्लग एंड प्ले योजना के तहत अब तक सात नयी टेक्सटाइल कंपनियों को राज्य में जगह उपलब्ध कराई गयी है। टेक्सटाइल कम्पनी के सम्बन्ध में समीर महासेठ ने कहा की यह प्रोजेक्ट करीब 5 करोड़ का है जिसके लिए 50 हजार स्क्वायर फीट का शेड आवंटित किया गया है। इस हब में करीब ढाई सौ मशीनों और 3500 कारीगरों के साथ यूनिट की शुरुआत आज से हुई है। महासेठ ने कहा की आने वाले दिनों में यहाँ 2000 मशीनें लगाई जाएंगी। जिससे 3500 से ज्यादा कारीगर और हेल्पर को रोजगार मिलेगा। उद्योग मंत्री ने कहा की अभी फिलहाल यहां सिर्फ महिलाओं के रेडीमेड कपड़े और अंडरगारमेंट्स तैयार किए जाएंगे।

## नीति आयोग संचालन परिषद को संबोधित करेंगे नरेन्द्र मोदी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नीति आयोग की संचालन परिषद की आठवीं बैठक को संबोधित करेंगे जिसका मुख्य विषय 'विकसित भारत - 2047: टीम इंडिया की भूमिका' होगा। नीति आयोग ने गुरुवार को यहां बताया कि इस बैठक में आठ प्रमुख विषयों विकसित भारत- 2047, एमएसएमई पर बल , बुनियादी ढांचा और निवेश, अनुपालन कम करना, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और पोषण, कौशल विकास, और क्षेत्र विकास तथा सामाजिक बुनियादी ढांचे के लिए गति शक्ति पर चर्चा की जाएगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्रियों की भागीदारी होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल, पदेन सदस्यों के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य भी मौजूद रहेंगे। नीति आयोग का कहना है कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में, भारत अपने आर्थिक विकास के पथ पर है जहां यह अगले 25 वर्षों में तेज विकास का लक्ष्य हासिल कर सकता है। इसके लिए बैठक में प्रारुप तैयार करने का प्रयास होगा।

बिहार में मौसम विभाग का अलर्ट, कई जिलों में होगी झमाझम बारिश, मिलेगी राहत

## राज्य में आज ओलावृष्टि और आंधी-पानी के साथ भारी बारिश होने की संभावना

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार के लोगों को एक बार फिर तपती गर्मी से रहत मिलने वाली है। दरअसल, मौसम विभाग ने राज्य में 26 मई तक ओलावृष्टि और आंधी-पानी के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया में भारी बारिश की संभावना जताई है, तो वहीं अन्य जिलों में आंधी पानी के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। बता दें कि, पिछले दिनों राज्य भर में लोगों को कड़ी धूप, लू और हीट वेव झेलना पड़ा था। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया अलर्ट लोगों को राहत देने वाली है। 21 मई को पटना का अधिकतम तापमान 42 डिग्री था, वहीं 23 मई को 30.5 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को फिर से 37.1 डिग्री पर अधिकतम तापमान पहुंचने से दिन में गर्मी महसूस हुई। मौसमविदों के मुताबिक अभी एक-दो दिन मौसम की यह प्रवृत्ति कई जिलों में दिख सकती है। वहीं जारी बारिश के आंकड़ों के अनुसार सूबे में पिछले 24 घंटों में कुछ जगहों पर भारी बारिश दर्ज की गई। इनमें सुपौल के बसुआ में 68.4 मिमी, मधेपुरा में उदाकिशनगंज 60.2 मिमी, मधेपुरा के कुमारखंड में 58.2 मिमी, अररिया के रानीगंज 50.8 मिमी, सुपौल के त्रिवेणीगंज में 44.4 मिमी, भागलपुर के पीरपैती में 42 मिमी, सुपौल में 38.4 मिमी, अररिया के जोकीहाट में 34.6 मिमी, सहरसा के सौरबाजार में 33.4 मिमी, पूर्णिया के बनमनखी में 32.4 मिमी, मधेपुरा के मुरलीगंज में 32.4 मिमी, अररिया के नरपतगंज में 32.4 मिमी, फारबिसगंज में 32.2 मिमी, सहरसा के सोरबरसा में 32.2 मिमी और कटिहार के बरारी में 31 मिमी बारिश हुई। वहीं पटना, गया और सुपौल में भी छिटपुट बूंदाबांदी हुई। बताते चलें कि, आज पूरे बिहार में वर्षा के साथ-साथ तापमान में भी गिरावट देखी जा सकती है। राज्य के सभी जिलों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री से नीचे रहने का पूर्वानुमान है। बीते बुधवार को मंगलवार की अपेक्षा तापमान में वृद्धि देखी गई। राजधानी पटना में मंगलवार को 30.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। 6.6 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ बुधवार को 37.1 डिग्री तापमान रहा। राज्य के अन्य जिलों में भी तापमान में वृद्धि देखी गई। वहीं अब एक बार फिर मौसम में राहत देखने को मिलेगी।


शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल

सिंचाई कॉलोनी, अम्बा रोड, देव (औरंगाबाद)

C.B.S.E. CURRICULUM

CLASS PLAY NUR TO X

A Complete Medium English School



शशि रंजन मौआर
निदेशक

गुड़िया मौआर
प्राचार्य


## अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ चला छापेमारी अभियान



कार्यालय संवाददाता

**जहानाबाद।** गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर शहर में अवैध तरीके से चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्र के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जहां कई अल्ट्रासाउंड सेंटर को वैध कागजात नहीं रहने के कारण सील किया गया है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के टेनीबीघा इलाके में एक मकान में छापेमारी की। जहां से 12 लाख से अधिक कैश बरामद किया गया। वही पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड मशीन के साथ-साथ कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के हरि ओम अल्ट्रासाउंड सेंटर के स्टाफ के टेनी बीघा स्थित घर पर भ्रूण जांच किया जाता है। इस सूचना पर सत्यापन करते हुए छापेमारी की गई तो वहां से पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड मशीन एवं अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र के कागजात के साथ-साथ 1230600 कैश बरामद किया गया। रुपयों को तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी ने जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले में चल रहे अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्रों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और इसी कड़ी में यह बरामदगी हुई है।

## कनीय अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोप पत्र

**पटना (नि.सं.)।** बिहार राज्य सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो की विशेष आर्थिक अपराध इकाई ने जल संसाधन विभाग के एक कनीय अभियंता और उसकी पत्नी के खिलाफ आज आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोप पत्र दायर किया। ब्यूरो की विशेष इकाई ने यह आरोप पत्र जल संसाधन विभाग दीघा, पटना के तत्कालीन कनीय अभियंता अशोक कुमार और उसकी पत्नी मीना कुमारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम और भारतीय दंड विधान की अलग-अलग धाराओं में दाखिल किया है।





समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय

समाज कल्याण विभाग (बिहार सरकार)

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना



खुशखबरी

आवेदन करना हुआ आसान घर बैठे ऑनलाईन आवेदन https://pmmvy.in/ के माध्यम से अथवा अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र के द्वारा कर सकते हैं

पहली बार माँ बनने वाली गर्भवती महिला को मिलेंगे ₹ 5000/-

गर्भावस्था पंजीकरण कराने एवं कम से कम एक बार Antenatal check-up (ANC) कराने के बाद ₹ 3000/-

नवजात शिशु का जन्म पंजीकरण एवं पहले चरण का टीकाकरण कराने के बाद ₹ 2000/-

दूसरी कन्या शिशु के लिए मिलेंगे ₹ 6000/-



दूसरे शिशु के कन्या होने पर मिलेंगे ₹ 6000/- एक किस्त में

पात्र लाभुक:

- लाभुक जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय रुपये 8 लाख से कम हो।
- मनरेगा जॉब कार्ड धारी लाभुक।
- किसान सम्मान निधि अंतर्गत लाभुक
- ई-श्रम कार्ड धारी लाभुक।
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के लाभुक।
- BPL राशन कार्ड धारी लाभुक।
- आंशिक या पूर्ण रूप से दिव्यांगजन।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय की महिलाएँ।
- गर्भवती एवं धात्री आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका/आशा कार्यकर्ता

अधिक जानकारी के लिए निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र/बाल विकास परियोजना कार्यालय / जिला प्रोग्राम कार्यालय से संपर्क करें।

PR No.- 002778 (SW)D) 2023-24

# मृतका के घर के पास ग्रमीण व पुलिस

## नाबालिग लड़की की हत्या कर दफनाने की सूचना पर पहूंचे एसडीओ व एसडीपीओ, दफनाये गए शव को निकाल कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

निज संवाददाता, रजौली

थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत अंतर्गत भाइजी भीत्ता गांव में बृहस्पतिवार की सुबह एक नाबालिग लड़की की हत्या कर दफनाये जाने की सूचना पर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष व एसडीपीओ पंकज कुमार स्थल पर पहुंचकर बारीकी से हरेक पहलूओं की जांच की। एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि करीब 15 वर्ष आयु की नाबालिग युवती का हत्या कर शव को दफना दिया गया है।सूचना के बाद तत्काल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार एवं एसआई अरूण पासवान घटना की जानकारी लेने के लिये भेजा गया।जांच के क्रम में पाया गया कि एक युवती के शव को गांव के ही झाड़ी में गड्ढा कर दफना दिया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि दंडाधिकारी के रूप में पहूंचे एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष की मौजूदगी में शव को निकाला गया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक युवती की पहचान रानी कुमारी उर्फ गुनगुन कुमारी के रूप में हुई है।मृतका के पिता राजेंद्र प्रसाद यादव बीते दिनों मारपीट में घायल हुए थे।जिसका इलाज पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल किया जा रहा है।इधर युवती की हत्या किए जाने की बात उसके नाना-नानी द्वारा कहा जा रहा था।लेकिन दफनाए गए शव को निकाला गया तो युवती के शरीर पर कहीं जख्म का कोई निशान नहीं था।एसडीपीओ ने बताया कि मृतका के गले पर यू आकार का निशान पाया गया है।जो अधिकांशतः आत्महत्या करने पर हीं पाया जाता है।मृतका के शरीर पर कहीं भी चोट आदि का निशान नहीं है।जबकि शव की आंखे बंद,कान से खून का बहाव व मुंह से झाग निकलता हुआ पाया गया है।एसडीपीओ ने कहा कि शव को बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 9 बजे दफनाया गया था।जिसके कारण शव क्षतिग्रस्त होने से बच गया है।उन्होंने कहा कि मृतका अपने भाई,दादा-दादी व चाचा-चाची के साथ रहती थी।एसडीपीओ ने कहा कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है।शव के पोस्टमार्टम के बाद ही हत्या या आत्महत्या की बात स्पष्ट हो पाएगी।हालांकि थानाध्यक्ष को हत्या के आधार पर अनुसंधान करने को निर्देशित किया गया है।



# शांतिपूर्ण ढंग से चार पंचायतों के सात मतदान केंद्रों पर उपचुनाव सम्पन्न,कुल 40.1% मतदान

## छः पांचों व चार वार्ड सदस्य प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 27 मई को सुनिश्चित

निज संवाददाता, रजौली

प्रखण्ड क्षेत्र के लेंगुरा,अमावां पूर्वी,सिरोडावर व हरदिया पंचायत में उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया।इस उपचुनाव में कुल 41.1% मतदान पड़ा।जिसमें 36.2% पुरुष मतदाता व 44.1% महिला मतदाता शामिल हैं।उपचुनाव में दो वार्ड सदस्य एवं तीन पंच हेतु कुल 10 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।उपचुनाव के दौरान जोनल पदाधिकारी सह पीजीआरो संतन कुमार सिंह,निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ अनिल मिस्त्री,सेक्टर पदाधिकारी के रूप में अकबरपुर सीओ व नरहट सीओ के अलावे पुलिस पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर घूमते नजर आए।बीडीओ ने बताया कि लेंगुरा पंचायत में एक वार्ड सदस्य हेतु दो प्रत्याशी थे।जिनके चुनाव के लिए प्राथमिक विद्यालय लेंगुरा का उर्दू भवन को मतदान केन्द्र बनाया गया था।वहीं अमावां पूर्वी पंचायत में एक वार्ड सदस्य हेतु दो प्रत्याशी थे।जिनके चुनाव के लिए मध्य विद्यालय में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे।सिरोडावर पंचायत में दो पंच के लिए प्रत्येक के लिए दो-दो प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया था।जिनके चुनाव के लिए प्राथमिक विद्यालय चौथा व प्राथमिक विद्यालय मंझला को मतदान केंद्र बनाया गया था।वहीं हरदिया पंचायत में एक पंच हेतु दो लोगों ने नामांकन करवाया था।जिनके चुनाव के लिए सामुदायिक भवन सिंगर में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे।बीडीओ ने बताया कि उपचुनाव में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने मतदान की।उन्होंने कहा कि उपचुनाव सुबह सात बजे से लेकर शाम के पांच बजे तक चला।उपचुनाव के बाद मतदान पीठासीन पदाधिकारी द्वारा ईवीएम को सील कर प्रखण्ड कार्यालय में बनाये गए बज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है।उन्होंने कहा कि आगामी 27 मई को मतगणना कार्य प्रखण्ड सभागार में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।



# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वार्ड सदस्य के एक पद पर उपचुनाव सम्पन्न



निज संवाददाता, कौआकोल

प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत के रिक्त वार्ड नम्बर-5 में वार्ड सदस्य पद पर उपचुनाव के तहत गुरुवार को वोटिंग कार्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराए गए। सुबह 7 बजे शुरू हुए मतदान प्रक्रिया में 416 मतदाताओं में से 110 महिलाओं समेत 204 मतदाताओं ने अपने अपने मतों का प्रयोग किया। इसके साथ ही वार्ड सदस्य पद पर लड़ रहे दोनों उम्मीदवार नीरा देवी एवं संगीता देवी के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। मतगणना 27 मई को प्रखण्ड परिसर अवस्थित सभागार कक्ष में होंगे। जहां मतगणना के बाद निर्वाची पदाधिकारी द्वारा विजेता वार्ड सदस्य प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देंगे। इसके पूर्व बीडीओ सुनील कुमार चाँद,थानाध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा अधिकारी की मौजूदगी में मतदान कार्य सम्पन्न कराए गए।

# चीफ एवं डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल पद के लिए पात्र इच्छुक आवेदकों के लिए आवेदन आमंत्रित

निज संवाददाता, नवादा

प्रवीण कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा बताया गया कि चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के पद के लिए 24 मई 2023 से 07 जून 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कार्यालय में आवेदन लिया जा रहा है। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन दे सकते हैं।

# पहले छीना मोबाइल,फिर घर में घुसकर परिजनों को पिटकर किया जख्मी,रेफर

## पीड़ित परिजनों ने थाने से लगाई न्याय की गुहार

निज संवाददाता, रजौली

थाना क्षेत्र के सती स्थान मोहल्ले में मोबाइल छिनने का विरोध किये जाने पर घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट कर तीन लोगों को गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया।पीड़िता सती स्थान मोहल्ला निवासी दिलीप मालाकार की पत्नी आशा देवी ने बताई कि बृहस्पतिवार की अहले सुबह मेरे पति टहलने गए थे।इसी क्रम में पुरानी बस स्टैंड के मुकेश चाय दुकान के पास चाय पी रहे थे।तभी मेरा छोटा देवर अंबुज भगत मेरे पति के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया।जब अंबुज भगत के घर में मोबाइल मांगने गई तो मोबाइल वापस नहीं लौटाया व छुरा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा।जिसके डर से मैं घर वापस आ गई।थोड़ी देर बाद अंबुज भगत,अंबुज भगत की पत्नी संजू देवी व पुत्र शशि कुमार एवं छोटू भगत,छोटू भगत की पत्नी संगीता देवी व पुत्र मनीष कुमार और दीपक कुमार पिस्तौल,छुरा व लाठी-डंडा लेकर घर के बाहर गाली गलौज करने लगा।विरोध किये जाने पर दीपक कुमार धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया।वहीं शशि कुमार ने जान मारने की नियत से लाठी से घर के सदस्यों पर अंधाधुंध प्रहार करने लगा।जिससे मेरा सर फट गया।वहीं छोटू भगत व अन्य लोगों ने मेरे पति को बेहरमी से पिटकर हाथ की अंगुली तोड़ दिया।पीड़िता ने बताई कि मुझे छुड़ाने आयी बेटी सुषमा देवी को भी डंडे से मारकर जख्मी कर दिया।जब हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटे तो वे सभी गाली-गलौज व हरवे-हथियार को लहराते घर से बाहर निकला।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार व डॉ क्षमता कुमारी ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया।चिकित्सक ने बताया कि घायल दिलीप मालाकार के हाथ की एक अंगुली टूटी हुई है।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।अस्पताल में इलाज के बाद पीड़ित दम्पत्ति थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि पीड़िता आशा देवी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# घर के आगे खड़ी बाइक की हुई चोरी

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के कदहर गांव निवासी निवास प्रसाद की बाइक की घर के पास से ही चोरी हो गई। बताया जाता है कि कदहर निवासी निवास प्रसाद की बाइक रोज की भांति घर के आगे लगी हुई थी। जिसे रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का अता-पता नहीं चल सका है।

# बोरिंग मिस्त्री से बाइक की छिनतई

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव निवासी व पेशे से बोरिंग मिस्त्री रहे नेपाली तांती पिता स्व. नाथो तांती की बाइक को अपराधियों ने छीन ली। तथा जाते जाते घटना के बारे में बताने पर अपराधियों द्वारा जान मारने की धमकी भी दी गई है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा कौआकोल थाना में गुरुवार को आवेदन देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वह अपनी बाइक से सम्बरसेबल लगाने के लिए थाना क्षेत्र के कदहर गांव गया हुआ था।

# पंचायत उप निर्वाचन में मतदान का कुल प्रतिशत43.76

| | |
|---|---|
| पुरूष | 40.68 |
| महिला | 46.84 |

## कड़ी सुरक्षा के बीच उप चुनाव सम्पन्न

निज संवाददाता, नवादा

पंचायत उप निर्वाचन 2023 के तहत् नवादा जिले में (1) जिला परिषद सदस्य -01, (नारदीगंज) (2) पंचायत समिति सदस्य-01 (मेसकौर) (3) ग्राम कचहरी सरपंच-01 (सिरदला) (4) ग्राम कचहरी पंच-विभिन्न प्रखंडों में-122 पद एवं (5) ग्राम पंचायत सदस्य--14 का आज ईवीएम के माध्यम से 117 बूथों पर मतदान की प्रक्रिया स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढ़ंग से सम्पन्न हुई। इसके लिए कुल 139 पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया ईवीएम के माध्यम से सम्पन्न हुई। सर्वाधिक मतदान केन्द्र जिला परिषद के सदस्य निर्वाचन हेतु नारदीगंज में था। जिला प्रशासन के द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के लिए 04 स्तरीय दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ काफी संख्या में सषस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। मतदान केन्द्रों पर सुपर जोनल दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, सेक्टर-सह-कलस्टर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इसके अलावे थाना स्तर पर क्यूआरटी की भी प्रतिनियुक्ति था। श्री दीपक कुमार मिश्रा प्रभारी जिला पदाधिकारी एवं श्री अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा नवादा ने कई मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किये एवं उपस्थित दंडाधिकारियों और मतदान कर्मियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्षी ढ़ंग से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। श्री अखिलेष कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर और श्री उपेन्द्र प्रसाद एसडीपीओ नवादा ने कई मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपस्थित अधिकारियों को दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश। सभी मतदान केन्द्रों पर लोकतंत्र के उत्सवी माहौल में मतदान हुआ। किसी भी मतदान केन्द्र से कोई अप्रिय सूचना प्राप्त नहीं हुई। मतदान समाप्ति के उपरांत ईवीएम मषीन को सील कर मतगणना स्थल केएलएस कॉलेज नवादा में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ जमा की जा रही है। सभी मतदान केन्द्रों पर पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक पायी गयी। सुबह 07:00 बजे से ही कई मतदान केन्द्रों तक महिलाओं की लंबी-लंबी कतार शांतिपूर्ण ढ़ंग से लग गयी थी। आज मतदान की 5:00 अपराहन तक मतदान का 43.76.पुरूष 40.68 महिला 46.84 प्रतिशत रहा। मतगणना की तिथि 27 मई 2023 को 08:00 बजे प्रातः से केएलएस कॉलेज, नवादा में विभिन्न पदों की अलग-अलग मतगणना कक्ष में की जायेगी। मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 05 स्तरीय दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।



# दो गम्भीर रूप से घायल

निज संवाददाता, वारिसलीगंज

प्रखण्ड क्षेत्र में आये आंधी और पानी के साथ ओले ने कई पेड़ पौधे को नष्ट किया वहीं ठनका गिरने से अपसढ़ पंचायत के जमुआवाँ गावँ के मजदूर गोरेलाल मांझी की मौत हो गयी वही दो अन्य राकेश मांझी पिता अमृत मांझी उम्र 29 बर्ष जो पकरिवारवा का बताया जाता है जो अपने ससुराल में आया हुआ था।दुर्गा मंडप के पास ठनका गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए।एक अन्य महिला गौरी देवी उम्र 60 बर्ष भी बज्रपात के चपेट में आ गयी जिसके कारण गम्भीर रूप से घायल हो गयी।ग्रामीणों ने बारिश छूटते ही सभी को अस्पताल लेकर पँहुँचे ,चिकित्सकों ने 55 बर्षीय गोरेलाल मांझी को मृत घोषित करते हुए अन्य का प्राथमिक उपचार करने के तुरंत बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया शाहपुर गावँ के आशिक मांझी पिता गोंगा मांझी उम्र 60 बर्ष की मौत हो गयी।ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी और पानी के साथ ओले एवं ठनका गिरने से जहां गर्मी से राहत मिली वही फसलों को नुकसान भी पहुंचा।अगर ओले नही पड़ते तो मूंग एवं शब्जी की फसल को फायदा पहुंचता ।

# शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ जिला पार्षद उपचुनाव

निज संवाददाता, नारदीगंज

नारदीगंज प्रखंड में पंचायत उपचुनाव को लेकर जिला पार्षद भाग एक (उतरी ) में चुनाव को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था चौक चौबंद रही। नारदीगंज प्रखंड में जिला पार्षद भाग एक (उतरी) का चुनाव गुरुवार को शांति व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हुआ । इस चुनाव में 45.91 प्रतिशत. मतदान हुआ। जिसमें 46 .13प्रतिशत पुरूष मतदाता ने अपने ।मताधिकार का प्रयोग किया। वही 45.04 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डालने का कार्य किया। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह नहीं देखा गया।इस चुनाव में परमा, ननौरा,डोहरा, मसौढा के अलावा हंडिया के 45 हजार 894 मतदाता हैं।जिसमे 22 हजार 707 महिला मतदाता व 23 हजार 186 पुरुष मतदाता के एक अन्य मतदाता थे। एसपी अम्बरीष राहुल,प्रभारी डीएम सह डीडीसी दीपक कुमार मिश्र,सदर एसडीपीओ उपेन्द्र प्रसाद समेत अन्य अधिकारियों ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। चुनाव को लेकर पांच क्लस्टर सेंटर ,पीसीसी 25 और 12 सेक्टर बनाया गया। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम रखा गया ।चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग निर्भीक रूप से किया। जिला पार्षद के उपचुनाव में 77 मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन से मतदाताओं ने वोट डाले।गुरुवार को सुबह सात बजे से पांच बजे तक मतदान हुआ। नारदीगंज भाग एक में परमा पंचायत में 9477, ननौरा में 7397,डोहरा में 9144,मसौढा में 8656 औऱ हंडिया पंचायत में 8577 मतदाता हैं।इस चुनावी मैदान में जिला पार्षद के नौ उम्मीदवार अपने भाग्य आजमा रहे हैं।वही इचुआ करना पंचायत के वार्ड दस में वार्ड सदस्य के तीन उम्मीदवार भाग लिए।इस वार्ड में 810 मतदाता है,जिसमे महिला मतदाता 297 व पुरूष मतदाता 593 हैं,।इस वार्ड में भी शंति पूर्ण तरीके से मतदान हुआ।प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा शांति ,निष्पक्ष व सौहार्दपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ।आगामी 27 मई को इंटर विद्यालय नारदीगंज में वोटों की गिनती होगी।सभी उमीदवार का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।किसके सिर पर ताज होगा,वह आने वाला वक्त बताएगा।

# बज्रपात से दो अलग अलग स्थानों पर दो मजदूर की मौत

## दो गम्भीर रूप से घायल



निज संवाददाता, वारिसलीगंज

प्रखण्ड क्षेत्र में आये आंधी और पानी के साथ ओले ने कई पेड़ पौधे को नष्ट किया वहीं ठनका गिरने से अपसढ़ पंचायत के जमुआवाँ गावँ के मजदूर गोरेलाल मांझी की मौत हो गयी वही दो अन्य राकेश मांझी पिता अमृत मांझी उम्र 29 बर्ष जो पकरिवारवा का बताया जाता है जो अपने ससुराल में आया हुआ था।दुर्गा मंडप के पास ठनका गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गए।एक अन्य महिला गौरी देवी उम्र 60 बर्ष भी बज्रपात के चपेट में आ गयी जिसके कारण गम्भीर रूप से घायल हो गयी।घायलावस्था में दोनों को इलाज के लिए वारिसलीगंज पीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मरीज की हालत को देखते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया ।ग्रामीणों ने बारिश छूटते ही सभी को अस्पताल लेकर पँहुँचे ,चिकित्सकों ने 55 बर्षीय गोरेलाल मांझी को मृत घोषित करते हुए अन्य का प्राथमिक उपचार करने के तुरंत बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी और पानी के साथ ओले एवं ठनका गिरने से जहां गर्मी से राहत मिली वही फसलों को नुकसान भी पहुंचा।अगर ओले नही पड़ते तो मूंग एवं शब्जी की फसल को फायदा पहुंचता ।

# सर्वर डाउन रहने से इंटर में ऑनलाइन नहीं हो रहा दाखिला, छात्र परेशान

निज संवाददाता, वारिसलीगंज (नवादा)

सर्वर डाउन रहने से इंटर में नामांकन कराने के लिए दाखिला किए जाने वाले आवेदन लटक जा रहे हैं। अगर किसी साइबर कैफे पर 100 लोग आवेदन करने आ रहे हैं, तो उनमें से करीब 20 बच्चों के आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पा रहे हैं। किसी का सर्वर डाउन रहने की वजह से तो किसी का ओटीपी नंबर का मैसेज नहीं आने के कारण आवेदन सबमिट नहीं हो रहे हैं। कभी कभी सर्वर 503 लिख रहा है। शहर के छात्र-छात्राओं को तो कुछ ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है, लेकिन जो बच्चे गांव देहात से लंबी दूरी तय कर शहर में आ रहे हैं और उनका आवेदन सबमिट नहीं हो रहा है, तो उन्हें दुबारा आना पड़ रहा है या पूरी जानकारी साइबर कैफे वाले को देकर बापस घर जाना पड़ रहा है। वारिसलीगंज बाजार के माफी गली साइबर कैफे के संचालक दिलीप कुमार ने बताया कि 17 मई से इंटर में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना प्रारंभ हुआ है। लेकिन पहले ही दिन सर्वर डाउन होने से फॉर्म ऑनलाइन नहीं किए जा सके। सात दिनों से सर्वर डाउन की समस्या है। कभी सर्वर रह रहा है और कभी डाउन हो जा रहा है। ऐसे में उनकी कमाई भी मारी जा रही है जितना वक्त सर्वर आने का इंतजार कर रहे हैं, उतनी देर में हम दूसरा काम कर लेते। लेकिन, बच्चे अपना काम कराने के लिए उन्हें कह रहे हैं, तो बार बार प्रयास करना पड़ रहा है। दुकानदार ने बताया कि सात दिनों से उनके पास रोजाना 20 से 30 छात्र-छात्राएं इंटर में ऑनलाइन नामांकन लेने के लिए आवेदन करने के लिए आ रहे हैं। काफी मशक्कत के बाद करीब 1 से 2 आवेदन ही सबमिट हो पा रहे हैं। किसी का ओटीपी नंबर का मैसेज नहीं आने के कारण तो किसी का आवेदन सर्वर डाउन रहने के कारण सबमिट नहीं हो पा रहा है। किसी-किसी बच्चे के अभिभावक भी फॉर्म को ऑनलाइन कराने के लिए आ रहे हैं। जब दुकान बंद हो जा रही है, तो अपने घर से रात में आवेदन को ऑनलाइन करने की कोशिश करते हैं। कुछ आवेदन ऑनलाइन हो भी जा रहे हैं।

**क्या कहते हैं परेशान छात्र छात्राएं** : प्रखंड के चुल्हाय बिगहा गांव के दीपक कुमार ने बताया कि वह 17 मई को आवेदन ऑनलाइन करने के लिए साइबर कैफे में गया था। लेकिन, मंगलवार तक आवेदन सबमिट नहीं हो सका। वारिसलीगंज प्रखंड के भवानी बिगहा गांव की रचना कुमारी मंगलवार को बस स्टैंड स्थित्त के पास एक साइबर कैफे में आवेदन ऑनलाइन कराने आई है। उसने कहा कि काफी देर से परेशान हैं। अब घर लौट रहे हैं। साइबर कैफे संचालक को पूरी विवरणी देकर वह अपने घर लौट गई। इन्हीं की तरह वारिसलीगंज प्रखंड के मंजौर पंचायत की सुल्तानपुर के राजेश कुमार व मय गांव के मोनाली कुमारी भी साइबर कैफे से आवेदन ऑनलाइन कराने मेंन चौक, बस स्टैंड मां वैष्णो इंटरनेट पर सोमवार को आई हैं। लेकिन, सर्वर डाउन रहने के कारण आज तक इनका भी आवेदन सबमिट नहीं हो रहा है।

**साइबर कैफे का चक्कर लगा रहे बच्चे** : सर्वर डाउन होने से सैकड़ों छात्र-छात्राएं साइबर कैफे से लेकर स्कूल-कॉलेज का चक्कर काट रहे हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पोर्टल पर इंटर में नामांकन कराने के लिए सैकड़ों छात्र छात्राओं के आवेदन सबमिट नहीं हो रहे हैं। सर्वर डाउन रहने के कारण कोई काम नहीं हो रहा है। कभी साइट खुलती भी है तो आवेदन करने वाला लिंक बंद रह रहा है। हालांकि बोर्ड ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि 17 से 26 मई तक घोषित की है।

**बच्चों के साथ अभिभावक भी हो रहे परेशान** :_प्लस टू स्कूल और इंटर स्तरीय कॉलेज में इंटर में नामांकन लेने के लिए 17 मई से आवेदन देने की तिथि घोषित की गई है। छात्रों का कहना है कि करीब दो माह पहले परीक्षा परिणाम आया था। हमलोग नामांकन का इंतजार कर रहे थे। लेकिन, जब नामांकन के लिए आवेदन करने की तिथि घोषित की गई तो सर्वर डाउन की समस्या उन्हें चिंतित बना रहा है। ऐसे में उनके साथ अभिभावक भी परेशान हैं।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो थानों की पुलिस कर रही थी तलाश

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** जिले के शिवसागर थाना की पुलिस ने गुरुवार को शराब की खेप के साथ कुख्यात चुन्नु पटेल उर्फ ब्रिज पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। चुन्नू पटेल जिले के टॉप 20 अपराधियों की लिस्ट में शामिल है। उसकी गिरफ्तारी शिव सागर थाना क्षेत्र के उसके पैतृक गांव पताढ़ी से की गई है। चुन्नू पटेल अवैध शराब की तस्करी में लग गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पताढ़ी गांव में छापेमारी कर उसकी गिरफ्तारी की गई है। उसकी निशानदेही पर आंगनबाड़ी केंद्र के पास पुआल की ढेर से अंग्रेजी शराब और बीयर की बड़ी खेप भी पुलिस ने बरामद की है। जो सप्लाई के लिए छुपा के रखी गई थी। चुन्नु पटेल पताढ़ी गांव के जय कुमार सिंह उर्फ श्वेता पटेल का बेटा बताया जाता है। शिवसागर थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि गिरफ्तार चुन्नू पटले के खिलाफ दिनारा थाना में दो और कोचस थाना में एक मामला दर्ज है। सभी मामले डकैती से जुड़े हुए है। दिनारा थाना की पुलिस काण्ड संख्या 401/22 एवं 402/ 22 में पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। जबकि कोचस थाना की पुलिस काण्ड संख्या 348/ 22 में उसकी तलाश कर रही थी।



## कन्हैया सिंह बने रोहतास जिला कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** रोहतास कन्हैया सिंह वकील को रोहतास जिला कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गुरुवार को सासाराम व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ताओं एवं कांग्रेस एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बधाई दी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेनुगोपाल द्वारा बिहार के सभी 39 जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गई है। जिसमें रोहतास का जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह को बनाया गया है। कन्हैया सिंह रोहतास व्यवहार न्यायालय के वरीय वकील सह नोटरी हैं। वे लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं। अध्यक्ष बनने के बाद कन्हैया सिंह ओझा टाउन हॉल के परिसर में स्थित पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की प्रतिमा स्थल पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कन्हैया सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी, प्रियंका गांधी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह का आभार जताया है।

## आग लगने से आधा दर्जन जानवर झुलसे

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के रायपुर चैर पंचायत के पाठक सेमरी गांव में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। जिसमें आधा दर्जन पशु झुलस गए। पाठक सेमरी गांव के पशुपालक इंद्रदेव यादव के मंडई में खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से आग लग गई। लेकिन सिलेंडर जब फटा, तब मड़ई में कोई व्यक्ति नहीं था। इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। सिलेंडर पर दोपहर का खाना बना रहे थे, इसी क्रम में वे मड़ई के बाहर कुछ काम कर रहे थे। तभी सिलेंडर फट गया, और मड़ई में आग लग गई। मड़ई के पास किसानों के पुआल का होने से आग तेजी से फैली। इस घटना में आधा दर्जन पशु उसकी चपेट में आ गए।

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
SAAN SECURITAS PVT. LTD.
Our Services
. Guarding
. Facialty
. Management
. Manpower Supply
. Enforement. Horticulture
. Parking Managment
. Construction
. Coal Beneficiary
CORPORATE OFFICE:-
SISODIYA COM-PLEX, KSHA-TRIYA NAGAR, NEAR-N.H.-2, LALLU GARAGE, AURANGABAD ( BIHAR) Pin- 824101

Mob. : 7004882186; 9852568210
Manoj Kumar
Director

# पूर्व मध्य रेल

## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मध्य रेल में पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल के आरा – सासाराम सेक्शन में गरहनी–आरा स्टेशन के मध्य स्थित मानव सहित समपार सं० 49/सी०/ इ० कि० मी० 60/08–09 पर भूमिगत मार्ग (LHS) के पूर्ण रूप से बनने एवं यातायात के लिए सुचारू रूप से कार्य करने के उपरांत उक्त समपार को बन्द करने के सम्बंध में जिला अधिकारी रोहतास, आरा, बिहार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने एवं रेल संरक्षा आयुक्त पूर्व परिमण्डल कोलकाता के संस्तुति मिलने के पश्चात पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल रेल प्रशासन द्वारा मानवसहित समपार सं० 49 / सी० / इ० कि० मी० 60/08–09 को तत्काल प्रभाव से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।




पीआर/0403/डीडीयू/ईएनजीजी/एन/23–24/120 वरीय मंडल इंजीनियर/I, पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

## भारी वाहन के चपेट में आया हाईटेंशन पोल क्षतिग्रस्त

**इंद्रपुरी (रोहतास) (नि.सं.)।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के डालमियानगर खेल मैदान के पास मुख्य सड़क के किनारे भारी वाहन की चपेट में आने से हाईटेंशन पोल का इंसुलेटर एवं ब्रैकेट क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कई घंटे विद्युत बाधित रहा। बताते चलें कि मकरान एवं पाली रोड को जोड़ने वाला ओवरब्रिज उस दिन पूर्व क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद है। जिसके कारण भारी वाहन मकराईन रोड होते हुए चौधरी चौक से मार्ग के माध्यम से नेशनल हाईवे तक पहुंचते हैं।

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
अंजु कुमारी
मुखिया
ग्राम पंचायत- पोखराहाँ
सदर प्रखंड- औरंगाबाद
निवेदकः- अभीषेक कुमार (समाजसेवी)

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
बब्लु कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड+ जिला- रोहतास

# पूर्व मध्य रेल

## ई–निविदा सूचना

**ई–निविदा नोटिस सं.–04 ऑफ 2023–24/ खुला/गति शक्ति, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/गतिशक्ति/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.–04–व.मं.इंजी.–गति शक्ति–डीडीयू–23–24

1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः पूर्व मध्य रेल डीडीयू मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् चन्दौली मझवार, दुर्गावती, पीरो, कुदरा, भभुआ रोड, बिक्रमगंज, नबीनगर, डेहरी ऑन–सोन, अनुग्रहनारायण रोड, सासाराम, गुरारू, रफीगंज, जपला, ईटर और मुहम्मदगंज नगर के रेलवे स्टेशनों में यात्री सुविधा के उन्नयन और विकास के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाओं की नियुक्ति के लिए (आर.एफ.पी.) 2. कार्य का अनुमानित लागतः रु. 91,23,261.84 3. धरोहर राशिः रु. 1,82,500.00 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 27.06.2023 को 12:00 बजे तक 5. वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in नोट–विवाद के स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0091/डीडीयू/डीडीयूगतिश/टी/23–24/40

# कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापंक ____ दिनांक ______

## आवश्यक सूचना

कार्यालय ज्ञापंक 787 दिनांक 28.03.2023 (Tender ID – UDHD/MMC/AMRUT-1/2023-24) द्वारा Construction & Rejuvenation of Kacharwa Dam (Water Bodies) in ward no. 05, Medininagar Municipal Corporation हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR – 294700 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298307 District(23-24)D

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
निशु देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत- अतिमि
प्रखंड- नासरीगंज, रोहतास
निवेदकः- पंकज साह (समाजसेवी)

# पूर्व मध्य रेल

## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मध्य रेल में पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल के आरा– सासाराम सेक्शन में गरहनी–आरा स्टेशन के मध्य स्थित मानव सहित समपार सं० 48/सी०/ इ० कि० मी० 59/07–08 पर भूमिगत मार्ग (LHS) के पूर्ण रूप से बनने एवं यातायात के लिए सुचारू रूप से कार्य करने के उपरांत उक्त समपार को बन्द करने के सम्बंध में जिला अधिकारी रोहतास, आरा, बिहार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने एवं रेल संरक्षा आयुक्त पूर्व परिमण्डल कोलकाता के संस्तुति मिलने के पश्चात पं० दीन दयाल उपाध्याय मण्डल रेल प्रशासन द्वारा मानवसहित समपार सं० 48 / सी० / इ० कि० मी० 59/07–08 को तत्काल प्रभाव से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।




पीआर/0402/डीडीयू/ईएनजीजी/एन/23–24/120 वरीय मंडल इंजीनियर/I, पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** जिले के करगहर प्रखण्ड के तेनुआ गांव में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हैया (65 वर्ष) के रूप में की गई है। रामाशीष शिवसागर थाना क्षेत्र के रामपुर जोई गांव के रामाशीष यादव के बेटे थे। वे अमीन का काम करते थे। रामाशीष भूमि मापी का काम करने जा रहा था। इसी क्रम में बड़हरी ओपी के तेनुआ गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने अमीन के बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वो गिर गया और घायल हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घायल अमीन को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल लाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना से रामपुर जोई गांव स्थित उनके घर में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंच गए है। दुर्घटना में मौत की सूचना पुलिस को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

सच्चिदानन्द महाविद्यालय
(वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की अंगीभूत इकाई)
शाहमल खैरा-देव (रोहतास)
शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों से अवगत कराना है

- यह महाविद्यालय ग्रामीण परिवेश में जिला मुख्यालय से 28 कि.मी. और कोचस एवं करगहर प्रखंड मुख्यालय से 6 कि.मी. के अंतराल पर अवस्थित है।
- कैम्पस : स्टेट हाईवे से पश्चिम दिशा में सात एकड़ का कैम्पस एवं पूरब दिशा में दस एकड़ भू-भाग पर अवस्थित है।
- पठन-पाठन : स्नातक स्तर तक विज्ञान एवं कला अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है तथा वर्तमान में 7108 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां बी.सी.ए. की पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध है।
- क्रीड़ा : इन्डोर और आउटडोर स्टेडियम निर्माणाधीन है। क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि खेलों का उत्तम प्रबंध है।
- छात्रावास : महिला छात्रावास का भव्य भवन तैयार है।
- कैंन्टीन, व्यायामशाला, गाड़ी पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था है।
- राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने का सकुशल कार्य किया जाता है। यह खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित है।
- नियमित रूप से साइंस व अन्य विषयों की कक्षाएं हो रही संचालित।
- सुसज्जित प्रयोगशाल में छात्रों को कराई जा रही प्रयोगिक पढ़ाई।
प्रो. राजेश्वर प्रसाद
बर्सर
डॉ. एस-एन. लाल
प्राचार्य

एनटीपीसी NTPC
for CO2 to Methanol plant !

NTPC Limited is India's largest integrated energy company with installed capacity of 72,304 MW and has presence in the entire value chain of the power generation business. Commensurate with our country's growth challenges, NTPC has embarked upon an ambitious plan to attain a total installed capacity of 130 GW by 2032. Further, NTPC has taken active steps towards Carbon Capture and Utilization with its first **CO2 to Methanol Plant** under final stages of erection.
NTPC is looking for **experienced professional** for **CO2 to Methanol Plant** as detailed below:

| Post / Function | Level | No. of Posts |
|---|---|---|
| Head of Operations | E8 | 01 |
| Head of Maintenance | E7 | 01 |
| Shift Charge Engineers | E6 | 04 |
| General Shift Support & Safety | E6 | 01 |
| Control Room Operations | E2 | 04 |

**How to Apply** Interested candidates should log on to our website **careers.ntpc.co.in** or visit careers section at **www.ntpc.co.in** for viewing the eligibility criteria, required qualification, required experience, pay scale, full text of the advertisement and for applying. Only online mode of application will be accepted. **The online application portal will remain open from 26.05.2023 to 09.06.2023.** Any further addendum/corrigendum/updates will only be published on our website.
**NTPC Limited** (A Govt. of India Enterprise) Leading the Power Sector
NTPC Bhawan, SCOPE Complex, 7, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110003
CIN: L40101DL1975GOI007966 Website: www.ntpc.co.in
Advt. No.: 11/23
Follow us on : /ntpc1 /ntpclimited /ntpcltd1 /company/ntpc ntpclimited
CBC 34126/12/0016/2324

एनटीपीसी NTPC


एनटीपीसी लिमिटेड 72,304 मेगावाट की स्थापित क्षमतावाली भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। हमारे देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।
**एनटीपीसी को निम्न विवरणों के अनुसार अनुपालन अधिकारी की तलाश है:**
पद का नाम: अनुपालन अधिकारी (ई8 लेवल)
अपेक्षित योग्यता: आईसीएसआई (इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया) का सदस्य हो
**अपेक्षित अनुभव:** एक सूचीबद्ध प्रतिष्ठित सरकारी/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र की कंपनी में कंपनी सेक्रेटेरियल कंपलायंसिज, कारपोरेट गवर्नेंस, कानूनी अनुपालन, अनुपालन निरीक्षण, ऑडिटिंग प्रोसेस/प्रैक्टिस में योग्यता पश्चात कम से कम 19 वर्ष का अनुभव। कानूनी डिग्री अतिरिक्त योग्यता होगी।
**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार योग्यता मानदंड, अनुभव अपेक्षाएं, वेतनमान, विज्ञापन का पूरा पाठ देखने और आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट *careers.ntpc.co.in* पर लॉग इन करें या *www.ntpc.co.in* में करियर सेक्शन देखें। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। **ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 25.05.2023 से 08.06.2023 तक खुला रहेगा।** किसी भी प्रकार का संवर्धन/शुद्धिपत्र/अद्यतन जानकारी केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।
एन टी पी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) विद्युत क्षेत्र में अग्रणी
एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003
सीआईनः L40101DL1975GOI007966
वेबसाइटः www.ntpc.co.in
No. 12/23
CBC 34126/12/0018/2324

## नालंदा में 26 मई को लगेगा जॉब कैंप

**नालंदा** : नालंदा में 26 मई को रोजगार मेला लगने वाला है। यह जॉब कैंप बिहार शरीफ प्रखंड अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर एमसीसी परिसर में लग रहा। इस रोजगार मेला में आईटीआई डिप्लोमा इंटर पास 1550 पदों पर बहाली होनी है, जिसमें पांच कंपनी इसमें शामिल होंगे। उसके प्रतिनिधि साक्षात्कार के बाद युवाओं का चयन करेंगे। इसमें दो फोटो व शैक्षणिक प्रमाण पत्र लेकर 18 से 35 साल तक के युवा शामिल हो सकते हैं। उनका जिला नियोजनालय से निबंधित होना आवश्यक है। कैंप में भी निबंधन की व्यवस्था रहेगी इसके लिए युवाओं को किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा।

## अपने नियोजन क्षेत्र में नामांकन में तबादले को मिली हरी झंडी

**जहानाबाद** : नियोजित शिक्षकों का अभी अपनी ही नियोजन इकाई में तबादला होगा। जून में इनका स्थानांतरण किया जाएगा। राज्य सरकार से इसकी हरी झंडी मिल गयी है। इस योजना का लाभ पुस्तकालयाध्यक्षों को भी मिलेगा। हालांकि शिक्षकों के अंतर नियोजन इकाई और अंतर जिला स्थानांतरण पर पहले की तरह रोक जारी रहेगी। शिक्षा विभाग ने इनके स्थानांतरण को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर सरकार के निर्णय की जानकारी दी है। दरअसल, दिव्यांग शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं महिला शिक्षिका, पुस्तकालयाध्यक्ष को धारित पद के समतुल्य पद पर अंतर नियोजन इकाई में उपलब्ध रिक्त पद के एक बार ऐच्छिक स्थानांतरण की सुविधा का प्रावधान है। साथ ही पुरुष शिक्षकों, पुस्तकालयाध्यक्षों को एक बार अंतर जिला सहित अंतर नियोजन इकाई पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा देने का प्रावधान है।

## सरकारी भवनों की छतों पर लगेगा पावर सोलर प्लांट

**जहानाबाद** : सरकारी भवनों की छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा। यह काम रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट योजना के तहत होगा। बिजली कंपनियों के मुताबिक, जिले में दूसरे चरण में सरकारी भवनों की छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाकर बिजली उत्पादन करने की योजना है। जिले के सभी थाना भवन, समाहरणालय, पंचायत सरकार भवन इत्यादि में सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में सोलर पावर प्लांट के जरिये बिजली का उत्पादन हो रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक इन सभी सरकारी भवनों की छतों पर सोलर पावर प्लांट लगाने का कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। रूफ टॉप पावर प्लांट योजना के तहत प्रथम चरण में सभी सरकारी विद्यालय भवनों के ऊपर सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं।

## कक्षा 1 से 8वीं तक के सभी अध्याय के लिए दिया क्यूआर कोड

**जहानाबाद** : एक से आठवीं तक के प्रत्येक अध्याय को एक क्यूआर कोड दिया गया है। इस कोड की मदद से छात्रों की सीखने और शिक्षकों द्वारा उन्हें सिखाने पर कितनी मेहनत की गई इसे परखा जा सकेगा। साथ ही कक्षा में शिक्षकों ने जो पढ़ाया वह छात्रों को कितना समझ में आया, यह भी पता चलेगा। वहीं लर्निंग आउटकम (शिक्षण अधिगम प्रतिफल) के हर बिंदु को भी एक कोड दिया गया है। लर्निंग आउटकम के कोड और अध्याय के क्यूआर कोड का मिलान कर यह पता लगाया जा सकेगा कि शिक्षकों ने कक्षा में इसका मूल्यांकन किया कि नहीं। इस नई व्यवस्था को एससीईआरटी की ओर से इसी सत्र से लागू कर दिया गया है। बता दें कि अध्याय पढ़ाने के बाद शिक्षक छात्रों का मूल्यांकन करेंगे।

# नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

### पति पर हथौड़े से हमला करने का आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नालंदाः** नालंदा में संदिग्ध हालत में विवाहिता का शव मिला है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के नेपुरा बेरौटी गांव का है। मृतका श्रवण सिंह की (35) वर्षीया पत्नी रेखा देवी है।

रेखा देवी के बेटे दिलखुश कुमार ने बताया कि वह बीती रात दूसरे कमरे में सो रहा था। तभी अचानक आवाज हुई, वह उठकर बाहर निकला तो देखा कि अंधेरे में कोई भाग रहा है। जबकि उसके पिता उसके पीछे-पीछे भाग रहे थे। कमरे में झांक कर देखा तो उसकी मां के सिर से खून बह रहा था। हथौड़े से सिर पर वार कर उसके पिता ने उसकी मां की हत्या कर दी। इसके बाद उसने इस बात की खबर आस-पड़ोस के लोगों को दी।



ग्रामीणों ने बताया कि श्रवण सिंह हमेशा नशे में रहता था। आए दिन उसके घर में इसी बात को लेकर पत्नी से वाद-विवाद होता रहता था। बीती रात उसने हथौड़े से सिर पर मार पत्नी की हत्या कर दी और पड़ोस के एक घर के बाहर बने शौचालय में जाकर छुप गया।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष** : दीपनगर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि हत्या की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य पड़ोसी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मौके से हथौड़ा भी बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सड़क हादसे में कुरियर ब्वॉय की हुई मौत

**नालंदाः** नालंदा में सड़क हादसे में घायल युवक की बीती रात मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास इलाके की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बारनपुरा गांव निवासी महेंद्र रविदास के 26 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है। शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार सुबह सदर अस्पताल लेकर पहुंची है।

उपेंद्र कुमार की शादी 2 वर्ष पहले ही हुई थी। तीन भाई एवं 1 बहन में उपेंद्र दूसरे नंबर पर था। 4 दिन पूर्व ही उपेंद्र पिता बना था। उसकी पत्नी अभी भी अस्पताल में ही भर्ती है। उपेंद्र कुमार के बहनोई जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनका साला कूरियर ब्वॉय का काम करता था। बुधवार की शाम वह काम खत्म होने के बाद घर लौट रहा था। तभी बाईपास इलाके में ट्रक ने कुचल दिया। उन लोगों को देर रात पुलिस के द्वारा सूचना मिली। हिलसा थाना अध्यक्ष गुलाम सरवर ने बताया कि बीती रात उन्हें सूचना मिली कि बाईपास इलाके में एक युवक खून से लथपथ सड़क पर पड़ा हुआ है। उसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।

# विवाहिता की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप, ससुराल वाले फरार



**नालंदाः** नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के पचौड़ी गांव में विवाहिता की हत्या कर शव को गायब करने का मामला बुधवार को सामने आया है। महिला की पहचान मनीष कुमार उर्फ डब्लू की (20) वर्षीया पत्नी सिमरन कुमारी के रूप में की गयी है। घर में ताला लगा है और ससुराल के सभी लोग फरार हैं। महिला का मायका हरनौत थाना क्षेत्र के रुपसपुर गांव में है।

सिमरन की मां का कहना है कि चार साल पहले उनकी बेटी की शादी हुई थी। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इधर 15 दिन से दामाद कारोबार के लिए पांच लाए रुपए और बाइक की डिमांड कर रहे थे। इसको लेकर लिए बार-बार उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था।

बुधवार की सुबह पांच बजे ससुराल के लोगों ने फोन कर बताया कि महिला बीमार है। उसके बाद कई बार फोन किया गया और बात बदलते रहे। कुछ घंटे बाद पचौड़ी पहुंचे तो घर में ताला लगा था। ग्रामीणों से पूछने पर भी कोई कुछ नहीं बता रहा है। उसके बाद थाने को सूचना दी गयी। मायके वालों का आरोप है कि महिला की हत्या कर शव को लेकर कहीं औ लेकरर चले गये हैं। दीपनगर थानाध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। लिखित शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नालंदा में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**नालंदा** : नालंदा में बुधवार को एक महिला ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। मामला पावापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोभनगर गांव का है। मृतका की पहचान मंटू पंडित पत्नी रंजू देवी (25) के रूप में हुई है। रंजू देवी की शादी तीन साल पहले पटना के खुशरूपुर में हुई थी। घटना के वक्त महिला घर मे अपने छोटे बच्चें के साथ मौजूद थी। पावापुरी ओपी के चौकीदार श्रीचंद कुमार ने बताया कि उन्हें थानाध्यक्ष ने सूचना दी कि ओपी क्षेत्र के शिवनगर गांव में एक महिला ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचने पर घर के अंदर बच्चे की चिल्लाने की आवाज आ रही थी।बाहर भीड़ इकट्ठा थी। पड़ोस के लोगों ने बताया कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है। किसी तरह से दरवाजे को तोड़ा गया अंदर महिला फंदे से झूल रही थी। इसके बाद उसके शव को फंदे से नीचे उतारा गया और इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। महिला का पति सूरत के कपड़ा मील में काम करता है। पिछले डेढ़ वर्ष से गांव नहीं आया है। वहीं ससुर की 5 साल पहले ही मौत हो चुकी है और सास सरकारी स्कूल में खाना बनाने का काम करती है। घटना के वक्त महिला अपने 2 साल के बेटे साथ घर में मौजूद थी। फिलहाल महिला ने आत्महत्या क्यों की है इन कारणों पर सस्पेंस बना हुआ है। पावापुरी ओपी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि महिला के पति एवं मायके वालों को सूचना दे दी गई है।

# अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर पर एसडीओ ने की छापेमारी





**जहानाबादः** जहानाबाद में अवैध तरीके से चल रहे डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में शहर के अरवल मोड़ के समीप अवैध तरीके से चल रहे डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध सेंटर को सील किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना मिल रही थी कि शहर में कई ऐसे डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड अवैध तरीके से चल रही है। इन सेंटरों पर गलत रिपोर्ट देने के कारण मरीजों को भी काफी परेशानी पड़ती है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक टीम का गठन किया गया है। शहर में अवैध तरीके से चल रहे जांच केंद्र और अल्ट्रासाउंड केंद्र के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**» कागजात नहीं दिखाने पर हुई कार्रवाई, मरीजों से करते थे ठगी**

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि यह डायग्नोस्टिक सेंटर बिना कागजात के चलाए जा रहे हैं। कागजात मांगे जाने पर सेंटर के संचालक ने कागजात नहीं दिखाया है। जिसके बाद इसे सील किया जा रहा है। वहीं शहर में इस छापेमारी से अवैध तरीके से चल रहे डायग्नोस्टिक और अल्ट्रासाउंड संचालकों में हड़कंप मच गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि शहर में जितने भी अवैध सेंटर चल रहे हैं सभी की जांच की जाएगी। जो लोग कागजात नहीं दिखाएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को लगातार अवैध नर्सिंग होम और अवैध रूप से कई स्वास्थ्य सेंटर चलाए जा रहे हैं। मरीजों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

# जीबीएम कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा दो-दिवसीय कार्यशाला का समापन

गया। निज संवाददाता

गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ़ के संरक्षण में 'कॉन्सेप्ट ऑफ इन्टेलिजेंस एण्ड इन्टेलिजेंस टेस्टिंग' विषय पर आयोजित दो-दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक समाप्त हुई। कार्यक्रम की संयोजिका मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रीति शेखर के संचालन में प्रधानाचार्य प्रो जावैद अशरफ़ ने प्रमाण पत्र वितरित करके सभी प्रतिभागी छात्राओं का हार्दिक उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ़ के निर्देशानुसार, कुछ छात्राओं ने कार्याशाला में प्राप्त अपने अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया। समापन समारोह में बर्सर डॉ. सहदेव बाउरी, परीक्षा प्रभारी डॉ. प्यारे मांझी, पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के अतिरिक्त डॉ पूजा, डॉ पूजा रॉय, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, मीरा कुमारी सहित आंचल, पल्लवी, अंशिका, तान्या, अंजली, पूजा, मुस्कान, हेमा, अनुप्रिया आदि अनेक छात्राओं की उपस्थिति रही। पीआरओ डॉ. रश्मि ने बतलाया कि इस कार्यशाला में छात्राओं को 'अलेक्जेंडर बैटरी ऑफ परफॉर्मेंस टेस्ट' द्वारा बुद्धिमत्ता को मापने की विधियाँ सिखलायी गयीं, जो मनोविज्ञान की छात्राओं के लिए अति उपयोगी सिद्ध होंगी। धन्यवाद ज्ञापन प्रीति शेखर ने किया।



# डीएसपी बोले- एसपी भ्रष्ट हैं, आईजी को लिखा पत्र-जूनियर्स को बंधुआ मजदूर समझते हैं

**गयाः** एक डीएसपी ने अपने ही एसपी के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है। डीएसपी ने कहा है कि एसपी भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। जांच होनी चाहिए। वो चुनिंदा मातहत पुलिस पदाधिकारियों को दलाली एवं आर्थिक शोषण के लिए संरक्षित कर रहे हैं। जूनियर्स को बंधुआ मजदूर समझ कर उनके साथ गाली-गलौज करते हैं। एसपी के अत्याचार और मनमर्जी से पुलिस परिवार में आक्रोश है। मामला मगध प्रमंडल के जहानाबाद जिले का है। एसडीपीओ अशोक कुमार पांडेय ने मगध प्रक्षेत्र के आईजी को पत्र लिखकर एसपी दीपक रंजन के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है। हालांकि एसडीपीओ अशोक कुमार पांडेय का एक महीने पहले ट्रांसफर हो चुका है। उनके

**शिकायत के बाद ट्रांसफर**

लिखे पत्र पर अब कार्रवाई शुरू हो गई है। वैसे उक्त एसडीपीओ ने अपने पत्र में एसपी दीपक रंजन का पोल खोलते हुए अपने ट्रांसफर की भी मांग की थी। तत्कालीन एसडीपीओ ने पत्र में कहा है कि मुख्यालय से प्राप्त राशियों में वित्तीय अनियमितता की जाती रही है। कनीय पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई और वेतन बेवजह बंद की जाती है। इसे क्लीयर कराने के बदले मोटी रकम ऐंठी जाती है। मुख्यालय से ट्रांसफर कुछ चुनिंदा पुलिस अधिकारियों को दलाली एवं आर्थिक शोषण के लिए रोक कर रखा जा रहा। इंस्पेक्टरों की पदस्थापन में भी अनियमितता बरती गई।

**आरोपों का प्रमाण मांगा : आईजी** : मगध प्रक्षेत्र आईजी क्षत्रनील सिंह ने बताया कि जहानाबाद के तत्कालीन एसडीपीओ अशोक कुमार पांडेय द्वारा पत्र भेजा गया है। पत्र का अवलोकन किया गया है। इसमें कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की पुष्टि के लिए उनसे लिखित प्रमाण मांगा गया है। साथ ही जहानाबाद के एसपी से भी उनका पक्ष मांगा गया है।

**जवाब नहीं मांगा गया : एसपी** : जहानाबाद एसपी दीपक रंजन ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर कहा कि तत्कालीन एसडीपीओ ने मेरे विरुद्ध पत्र लिखा है, जानकारी मुझे नहीं है। मुझसे किसी तरह का जवाब नहीं मांगा गया है, और न ही अधिकारियों का कोई पत्र मिला है।

# पुलिस को आम आवाम का सहयोग बहुत जरूरीः एसएसपी

**बेलागंजः** आज के परिवेश में पुलिस के कार्यशैली में बदलाव आया है। सामाजिक सद्भावना, अपराध नियंत्रण और नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस को आम आवाम का सहयोग बहुत जरूरी है। तभी पुलिस अपराध मुक्त समाज के निर्माण में सहयोगी साबित हो सकती है।

उक्त बातें बुधवार की शाम चाकंद थाना परिसर में आयोजित जिला स्तरीय पुलिस पब्लिक मैत्री सद्भावना टूर्नामेंट का शुभारंभ के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने कही। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच का संबंध मित्रता जैसी होनी चाहिए। ताकि अपराध और नक्सलवाद पर नकेल कसा जा सके। बुधवार को चाकंद थाना परिसर में पुलिस पब्लिक मैत्री सद्भावना टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। टूर्नामेंट के पहले दिन चार महिला एवं पुरूष टीम ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने कहा कि पुलिस पब्लिक में मैत्री बढ़ाने हेतु इस तरह के मैच का आयोजन थाना स्तर पर पूरे जिला में आयोजित किया जायेगा। जिससे समाज मे सद्भावना बढ़ेगा और आमजनों में पुलिस के प्रति जो भय और दुर्भावना पैदा होती है वो दूर होगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज वर्तमान समय मे पुलिस के कार्यशैली में काफी बदलाव आया है। पुलिस एवं आमआवाम के बीच दूरी कम हुआ है। चाहे समाज के बीच सद्भाव हो, अपराध नियंत्रण हो या नक्सलवाद हो। यदि जनता का सहयोग मिलती रहे तो पुलिस और बेहतर कार्य करेगी।



**» समाज से अपराध और नक्सलवाद को मिटाने के लिए पुलिस- पब्लिक मैत्री अनिवार्य**

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में युवाओं को उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। ताकि वे मुख्य धारा से भटके नही। मौके पर सिटी एसपी हिमांशु कुमार, विधि व्यवस्था डीएसपी खुर्शीद आलम, डीएसपी कुंदन कुमार, सर्किल निरीक्षक नितेश कुमार, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण सिंह, पूर्व उप प्रमुख बदरु जमा, शिक्षक नागेंद्र कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रधान लिपिक के 13 और लिपिक के 27 पद रिक्त, काम हो रही परेशानी

**जहानाबादः** सरकार के द्वारा जहानाबाद को जिला का दर्जा दिए हुए करीब 37 वर्ष बीत गए हैं। लेकिन अब भी जिले के सबसे बड़े सरकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में उधार के कर्मियों से काम चलाया जा रहा है। कर्मियों की कमी से कई विभागों के काम निष्पादन में संबंधित को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इस मामले की जानकारी राज्य सरकार को नहीं है। जिले की स्थापना होने के बाद से हीं पद सृजन को लेकर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन अभी तक आंशिक रूप से ही राज्य सरकार के द्वारा पदों की स्वीकृति दी गई है। एक बार फिर से का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि समाहरणालय के अधिकांश शाखाओं में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्य चलाया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट में अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालयों उसके 40 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर कार्य लिया जा रहा है। कर्मियों की कमी की वजह से कार्यों के निपटारा में तो कमी आ हीं रही है कार्यों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट के अनुसार कर्मियों का पद तो स्वीकृत नहीं ही हुआ है। पूर्व से स्वीकृत पद के विरुद्ध भी काफी पद रिक्त है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पूर्व से स्वीकृत पद के विरुद्ध 27 लिपिक एवं 13 प्रधान लिपिक का पद लंबे अरसे से खाली पड़ा हुआ है। आश्चर्यजनक यह भी है कि समाहरणालय के करीब एक दर्जन शाखाओं के विरुद्ध मात्र दो प्रधान लिपिक का पद ही स्वीकृत हुआ है। जिला बनने के बाद निर्वाचन, सामान्य, नजारत, आपदा, अभिलेखागार आदि के लिए कोई पद स्वीकृत नहीं हुआ है।

**» जिला बनने के 37 साल बाद भी सबसे बड़े सरकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में उधार के कर्मियों से चल रहा काम**

जिला परिषद में स्थाई तौर पर एक टाइपिस्ट व आठ आदेशपाल ही तैनात : जिला परिषद कार्यालय की हालत ऐसी है कि वहां फिलहाल एक टाइपिस्ट व आठ आदेशपाल ही स्थाई तौर पर नियुक्त हैं। जरूरी व महत्वपूर्ण काम प्रतिनियुक्त कर्मियों की सहायता से संचालित हो रहा है। अभियंत्रण शाखा में जिला अभियंता के एक, सहायक अभियंता के एक तथा कनीय अभियंता के दो पद स्वीकृत हैं जबकि वर्तमान में मात्र एक कनीय अभियंता ही कार्यरत हैं, वे भी अगले साल सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## उप चुनाव में प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिह्न प्रचार शुरू

**नगर निकाय उप चुनाव**

**गयाः** नगर निकाय उप चुनाव में खड़े प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है। चुनाव चिह्न मिलते ही प्रत्याशियों ने प्रचार भी जोर-शोर से शुरू कर दिया है। इस बार वार्ड नं. 26 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ श्रीवास्तव उर्फ मोहन श्रीवास्तव को ढोलक चुनाव चिह्न मिला है। इनके अलावे इस वार्ड से खड़े असद परवेज को कलम और दावात, आसिफ अहसन को टेम्पु, रेयाज अहमद को वायुयान चिह्न आवंटित किया गया है। बता दें कि वार्ड 26 का चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। हर वार्ड इबरार अहमद उर्फ भोला मियां इस वार्ड से निर्विरोध निर्वाचित हुए है। कई वर्षों के बाद वार्ड की जनता अपने मत का प्रयोग कर वार्ड पार्षद को चुनेगी।

# गया में उद्घाटन मैच में पुलिस टीम जीती

**गयाः** गया पुलिस ने पब्लिक और पुलिस के बीच दोस्ती का भाव बढ़ाने के लिए वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया। बुधवार को एसएसपी ने खुद इस कार्यक्रम का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि खेल से पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव उत्पन्न होगा जो दोनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। खास कर पुलिस के लिए यह हर मोर्चे पर सफल बेहद प्रभावी साबित होगा। इससे पुलिस व युवाओं के बीच एक सहयोगात्मक रिश्तों का विकास होगा। जो सूचना संकलन, विधि- व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण , पूर्ण शराबबंदी और पुलिस के अन्य काम में बेहद प्रभावी होगा।

वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन चाकंद थाना परिसर में किया गया। पहला मैच पुलिस और बारा पंचायत के बीच खेला गया। इस मैच में पुलिस की टीम ने 2-0 जीत हासिल की। इसके अलावा पुलिस अनुमंडल टिकारी के तहत परैया में मैच कराया गया। यहां अजमत पंचायत और करकट्टा पंचायत के बीच खेला गया। साथ ही आंती थाना में भी मैच का शुभारंभ किया गया। यहां आंती बनाम तिनेरी पंचातय के बीच मैच खेला गया जिसमें तिनेरी पंचायत ने 2-1 से विजयी रही।



वहीं खिजरसराय, आंती व अतरी थाना में भी वॉलीबॉल मैच का शुभारंभ किया गया है। एसएसपी ने बताया कि यह टूर्नामेंट है। फाइनल मैच जिला स्तर पर खेला जाएगा। जिला स्तर पर विजयी होने वाली टीम टूर्नामेंट पर कब्जा जमा सकेगी। वॉलीबॉल मैच को लेकर न केवल पुलिस टीम बल्कि जिले के विभिन्न पंचायतों के युवाओं के बीच जोश का संचार हो रहा है। पंचायत के युवा पुलिस की टीम से दो दो हाथ करने को पूरी तरह से तैयार हैं। यह अलग बात है कि उद्धघाटन मैच पुलिस की टीम ने जीती है।

## बाइक चलाने के विवाद में हुई मारपीट और गोलीबारी

**आरा**: हेमतपुर गांव में गली में तेज बाइक चलाने के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल हेमतपुर ग्राम निवासी रामेश्वर सिंह का पुत्र गुप्तेश्वर सिंह है। घायल के पड़ोसी अमित कुमार सिंह ने बताया कि गांव के ही संजय सिंह का लड़का रमन गली में तेज बाइक चला रहा था । उसी पर सुमित कुमार सिंह ने कहा कि गली में इतना तेज बाइक क्यों चला रहे हो । इसी पर दोनों के बीच कहासुनी हुई और रमन घर चला गया। पुन: घर से पूरे परिवार लाठी डंडा व हथियार के साथ आकर गुप्तेश्वर सिंह के घर के पास ईट पत्थर चलाने लगे और फायरिंग भी की। जिसमें गुप्तेश्वर सिंह घायल हो गए। उनकी पत्नी रूबी देवी ने मुफ्फसिल थाना में 5 लोगों को नामजद करते हुए आवेदन दिया है।

## कृषि समन्वयक के साथ मारपीट का एक आरोपी गिरफ्तार

**बड़हरा**: प्रखंड के कृष्णागढ़ पुलिस ने बुधवार को कृषि समन्वयक के साथ मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी गलचौर गांव के राजू राम बताया गया है । पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले कृष्णागढ़ में कृषि समन्वयक के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। पुलिस ने छानबीन करते हुए कृषि समन्वयक के आवेदन व वीडियो जांच के आधार पर एफआईआर दर्ज किया और मारपीट में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया की कुछ दिन पहले कृषि समन्वयक के साथ मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है । छापेमारी में थाना विवेक कुमार, दारोगा संदीप कुमार सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थे।

## महिला कॉलेज में हुए चेस टूर्नामिंट में साक्षी बनी विजेता

**आरा**: महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता हुआ। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ.आभा सिंह ने शतरंज की पहली चाल चलकर किया। उन्होंने खेल के महत्व को रेखांकित किया। छात्राओं ने यह प्रतियोगिता चार चरणों में खेला। पीटीआई अंजू कुमारी ने सभी का अभिनंदन तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रमंडल दिवस मनाने के पीछे के कारणों को स्पष्ट किया। शारीरिक शिक्षा की सदस्य डॉ सुधा निकेतन रंजनी एवं पीटीआई अंजू कुमारी ने परिणाम घोषित किया। प्रथम छात्रा साक्षी, द्वितीय पूजा, तृतीय दीपिका,चतुर्थ रितिका,पंचम सदफ,तथा छठे स्थान पर उर्वशी रहीं।

# सात घरों में नेचुरल गैस पाइप का मीटर ब्लास्ट, हवा का प्रेशर बनने से हादसा



**कोईलवर**: नगर पंचायत कोईलवर के सुरौधा कॉलोनी में पीएनजी आपूर्ति गैस पाइप लाइन का सात घरों में लगा मीटर ब्लास्ट हो गया। आपूर्ति गैस पाइप लाइन का एक-एक कर सात मीटर ब्लास्ट करने से घरों में हडकंप मच गया। लोग घर से निकल गली और सड़क पर भागने लगे। इस बीच आईओसीएल द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर पर सूचना दिया गया।

क्विक रिस्पॉन्स टीम पहुँच पैनल से गैस की सप्लाई बंद की गई। नगर के सुरौंधा कॉलोनी में पाइप नेचुरल गैस(पीएनजी) से अठारह लोगो ने गैस का कनेक्शन लिया है। जिस गैस पाइप में दो दिन पहले सप्लाई शुरू किया गया था। बुधवार को सुरौधा कॉलोनी के दूसरे तरफ पाइप में चार्ज लाइन हवा का प्रेशर दिया जाना था। इस दौरान हवा का प्रेशर देने के ट्रैक्टर चालक ने गैस सप्लाई पाइप लाइन में चार किलो के प्रेशर से हवा का सप्लाई दे दिया।

गैस पाइप में हवा का प्रेशर बढ़ते ही छह घरों में लगे मीटर ब्लास्ट कर गया। जिन घरों में गैस का मीटर ब्लास्ट उसमें रह रहे लोग भागने लगे। हरिनाथ साव, दुलार साव, दानिश आलम, अनवर हुसैन, शिव दयाल साव, हारून अंसारी, मुनेश्वर यादव के घर मे लगा मीटर ब्लास्ट किया है। हरिनाथ की पत्नी अशरफी देवी ने बताया कि अब घर मे गैस का कनेक्शन नहीं लेगी। अन्य लोग भी गैस का कनेक्शन कटवाने के लिए कह रहे हैं। नेचुरल गैस पाइप से घरों में लगा गैस का मीटर ब्लास्ट होने की सूचना मिलते ही आईओसीएल के साइट इंजीनियर नदीम कौसर समेत कर्मी आनन्द शंकर मौके पर पहुँच ब्लास्ट होने की जांच किया। जिसमें पाया कि गलत पाइप में एयर चार्ज कर दिया गया था।

जिस पाइप में एक सौ मिमी के वजन के बदले चार किलो ग्राम एयर चार्ज कर सप्लाई कर दिया गया था। जिस कारण कुछ मीटर ब्लास्ट कर गया है। हालांकि एहतियात बरतते हुए मिडिल स्कूल के पास बने यूनिट पैनल से नेचुरल गैस सप्लाई बंद कर दिया गया। ब्लास्ट किये गए घरों में दूसरा मीटर लगाया जा रहा है।

जबकि, दोषी कर्मी जिसने गलत पाइप लाइन को चार्ज किया था, उस पर कार्रवाई की बात कही। पीएनजी में किसी तरह के लीकेज या अनहोनी होने पर तीन जगहों पर पॉइंट बनाये गए है। जहाँ से आपूर्ति बंद किये जाने के बाद आगे गैस की सप्लाई बंद हो जाएगी। साइट इंजीनियर ने बताया कि पीएनजी गैस से 99 प्रतिशत कम खतरा है, यह गैस लीक होने के बाद भी हवा में घुल जाता है।

## नेपाली नगर में तोड़े गए मकानों का दें मुआवजा : हाईकोर्ट

**5-5 लाख रुपए देने के निर्देश, 2018 से पहले बने मकानों का होगा सेटलमेंट**



**पटना**: बिहार राज्या आवास बोर्ड की राजीव नगर स्थित जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण पर पटना हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। आवास बोर्ड और प्रशासन की ओर से लगाई गई याचिका को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। न्यायधीश संदीप कुमार की बेंच ने तोड़े गए मकान के बदले पांच-पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही 2018 के पहले बने हुए मकानों का सेटलमेंट करने का निर्देश भी जारी किया है।

याचिका पर करीब चार महीने पहले न्यायधीश संदीप कुमार की बेंच में सुनवाई पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। लंबे इंतजार के बाद गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। इससे 400 एकड़ में रह रहे 2000 से ज्यादा परिवारों को राहत मिली है।

**ये था पूरा मामला** : 21 जुलाई 2022 को जिला प्रशासन की टीम नेपाली नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। टीम का कहना था कि लोगों को नोटिस दे दिया गया है। सभी अवैध कब्जा बनाकर रह रहे हैं। वहीं लोगों का कहना था कि हमें कोई नोटिस नहीं दिया गया है। हम यहां कई सालों से रह रहे हैं। इसके बाद भी नेपाली नगर की 40 एकड़ की जमीन को कब्जे में लेने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस की कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया था। पुलिस और अतिक्रमणकारियों के बीच झड़प भी हुई थी। कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। इस पूरे मामले को लेकर राजीव नगर थाने में दो अलग-अलग केस दर्ज किए गए थे।

प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने और नए निर्माण पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया था। कहा था कि पूरे इलाके में बिजली-पानी बहाल की जाए। अब 10 महीने बाद हाईकोर्ट का फैसला आया है।

## बक्सर में लूटपाट के विरोध पर युवक पर हमला

**बक्सर**: बक्सर में बुधवार की देर रात एक युवक को गोली मारकर कुछ लोग फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा युवक को राजपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पहुंची राजपुर थाना की पुलिस भी मामले की छानबीन में लग गई है। गोली युवक के दाहिने हाथ में लगी है। हालांकि अभी उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही।

राजपुर थाना क्षेत्र के मंगराव गांव निवासी राजेन्द्र राजभर का 28 साल का बेटा हरेराम राजभर प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की देर रात एसजेवीएन,(सतलज, जल विद्युत निगम) पावर प्लांट से काम कर साइकिल से घर वापस जा रहा था। इसी दौरान पहले से संगराव-मंगराव रोड के सुनसान जगह पर खड़े तीन की संख्या में अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर मोबाइल और अन्य सामानों की लूट करने लगे।

उधर, युवक द्वारा विरोध किया जाने लगा। खुद को कमजोर पड़ता देख अपराधियों ने उस पर गोली चला दी जो उसके दाहिने हाथ में जा लगी है। ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख सभी अपराधी भाग निकले।

## यूपीएससी सेकेंड टॉपर गरिमा को बधाई देने लगा तांता



**बक्सर**: शहर के पीपी रोड स्थित बंगाली टोला के स्वर्गीय मनोज कुमार लोहिया की पुत्री गरिमा लोहिया के यूपीएससी सेकेंड टॉपर बनने के बाद बुधवार को दूसरे दिन भी सुबह से गरिमा को सम्मानित करने के लिए नेता, समाजसेवियों और इंटरव्यू के लिए पत्रकारों का जमावड़ा लगा रहा।

गरिमा को सम्मानित करने पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार त्रिवेदी ने अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा कि गरिमा अपने शहर की बेटी ने देश की सबसे कठिन परीक्षा में देश में दूसरा स्थान लेकर पूरे जिला का नाम रौशन किया। जिसे बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हू और मंगल भविष्य की कामना करता हु।

वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन व उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने भी गरिमा को जिला की गरिमा बनाए जाने पर बधाई दिया है। वही नप अध्यक्षा कमरून निशा फरीदी, नियमतुल्ला फरीदी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियरंजन चौबे समेत लोग पहुंचे।

## पटना से बक्सर के बीच दूसरा टोल प्लाजा शुरू

**बक्सर**: पटना-बक्सर एनएच-922 बक्सर के दलसागर के पास टोल प्लाजा शुरू हो गया है। यहां से आने-जाने वाले छोटे से बड़े वाहनों से टोल वसूली का काम शुरू हो गया है। यह बक्सर से पटना के बीच दूसरा टोल प्लाजा है। पहला टोल प्लाजा भोजपुर जिले के कुल्हड़िया गांव के पास है।

दलसागर टोल प्लाजा से 20 Km के आसपास के लोगों के लिए अच्छी खबर है। वे टोल प्लाजा से 330 रुपए देकर मासिक पास बनवा सकते हैं, फिर उन्हें एक माह तक एक भी रुपया नहीं देना पड़ेगा। इसके अलावा लोकल रजिस्ट्रेशन यानी बीआर-44 जिस गाड़ी की नंबर होगी उसके लिए भी पास बन सकता है। बाहर की गाड़ी अगर होगी तो टोल देना होगा। उसके लिए पास की सुविधा नहीं है। इसके अलावा मासिक पास की मान्यता एक तारीख से आखिरी माह तक होगी। अगर 22 तारीख को मासिक पास बनवाते हैं तो 8 दिन में ही मान्यता समाप्त हो जाएगी। मासिक पास बनवाने के लिए वाहन का आरसी बुक और आधार कार्ड साथ ले जाना होगा।



### किस वाहनों के लिए कितना शुल्क तय

| | |
|---|---|
| जीप और कार | 95 रुपए |
| हल्के व्यवसायिक वाहन | 150 रुपए |
| बस और ट्रक | 315 रुपए |
| तीन एक्सल वाहन | 345 रुपए |
| चार से छह एक्सल वाहन | 495 रुपए |
| सात एक्सल वाहन- | 605 रुपए |

*कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टर, दो पहिया वाहन व ऑटो से शुल्क नहीं वसूला जाएगा। **नोट-** व्यावसायिक ट्रैक्टर जिसपर ईंट, बालू, गिट्टी और अन्य समाग्री लदे होंगे उनसे शुल्क वसूला जाएगा। जानकारी मैनेजर शेकर सिंह ने दी।*

### क्षमता से अधिक वजन पर लगेगा जुर्माना

जीएम शेखर सिंह ने कहा कि टोल प्लाजा के लेन में वजन के लिए मशीन लगाई गई है। जैसे ही कोई गाड़ी टोल प्लाजा पर आएगी उसका वजन ऑटोमेटिक हो जाएगा। एनएचएआई के निर्धारित मानकों से अधिक वजन होने पर वाहनों को टोल के साथ अतिरिक्त हर्जाना भी भरना होगा।

## देश अंबेडकर के आदर्शों से चलेगा गोडसे के विचारों पर नहीं : सारिका

**» सेमरिया-पड़रिया गांव के काली मंदिर के प्रांगण में अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन**

**बड़हरा**: राष्ट्रीय जनता दल की बड़हरा कमेटी ने प्रखंड मुख्यालय के सेमरिया-पड़रिया गांव के काली मंदिर के प्रांगण में अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया। अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राय और संचालन अजय राम ने किया। पार्टी की प्रवक्ता और कार्यक्रम प्रभारी सारिका पासवान ने कहा देश अंबेडकर जी के विचारों से चलेगा, गोडसे के विचारों से नहीं। अंबेडकर पर परिचर्चा एक सामाजिक अभियान है, जिससे लोगों को जोड़ना है।

राजद अंबेडकर जी के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने कहा कि इस देश में राष्ट्रीय जनता दल अंबेडकर जी के विचारों पर चलती है। किसानों, गरीबों, नौजवानों का कोई काम किया है; उस व्यक्ति का नाम है लालू प्रसाद यादव। लालू जी अंतिम पायदान का व्यक्ति का भी विकास करने का काम किए हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में इस बार महागठबंधन की ही जीत होगी।

पूर्व विधायक सरोज यादव ने कहा कि जब हम विधायक थे तो गरीबों, दलितों, अति पिछड़े, पिछड़े, अल्पसंख्यकों और सामान्य वर्ग के गरीबों का काम होता था। लेकिन वर्तमान विधायक के कार्यकाल में आज वैसा नहीं है। मैंने अपने कार्यकाल में बड़हरा क्षेत्र के कई दलित दोनों के लिए विकास योजनाओं पर काम किया था। आज ऐसा नहीं किया जाता है। हमलोगों को अंबेडकर जी के सपनों का भारत बनाना है।

कार्यक्रम में अन्य उपस्थित लोगों में जयराम यादव, मंटू शर्मा, शंकर दयाल सिंह, प्रदीप सिंह, ललित, सुभाष, विनोद राम, जय शंकर यादव, तारकेश्वर सिंह, लक्ष्मण सिंह और अन्य उपस्थित थे।

# बैठक कर शहर की समस्याओं पर की चर्चा




**डालमियानगर**: टीम डेहरीयंस के सदस्यों ने स्थानीय रतू बीघा स्थित कार्यालय में बैठक कर शहर की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने शहर में लग रहे जाम एव दुर्घटनाओं से निजात दिलाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, पीडब्ल्यूडी के पदाधिकारी से गुहार लगाया है। टीम के वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि शाम को जाम लगने के कारण जहां दुर्घटनाएं हो रही हैं वहीं बीमार मरीजों एवं आम लोगों को आने जाने में घंटों समय बर्बाद हो रहा है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को भी हॉस्पिटल ले जाने में परेशानियां आ रही हैं।

बताया कि संबंधित समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर शहर की समस्याओं पर ध्यानाकर्षण किया है। बैठक में टीम के वरिष्ठ सदस्य आरके सिंह ने बताया कि मकराईन - पाली रेलवे पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पटना, बिक्रमगंज, डेहरी से आने जाने वाली छोटे एवं भारी वाहनों को अकोढ़ी गोला एवं डालमियानगर के सिधौली छाई रोड से आने के कारण भी जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं छोटे वाहनों की दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। जाम होने के कारण डालमियानगर आवासीय कॉलोनी के एक युवक की मौत भी हो चुकी है। शहर में विभिन्न स्थानों पर लग रहे जाम जिसमें अकोढ़ी गोला ,एकता चौक , पाली रोड सहित अन्य चौक चौराहे मुख्य स्थान हैं।

बताया कि जाम की समस्या से निजात पाने को लेकर मुख्य चौराहा पर लग रहे ठेला ,खोमचा, फल सहित अन्य छोटे-बड़े दुकान को पीछे हटाना आवश्यक है, ताकि कोई बड़ी घटना से बचा जा सके। जर्जर हो चुके फुटपाथ की मरम्मत कर छोटे वाहन के आने जाने की व्यवस्था प्रशासन से करते हुए प्रत्येक चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस लगाने की बातें हुईं। मथुरी पुल में जाम की समस्या से निजात पाने को लेकर सुझाव देते हुए उन्होंने बताया कि पश्चिम साइड स्थिति तीसरा पुल जिसमें नाले का पानी एवं कचरा भरा हुआ है को साफ करा कर चालू कराने से भी जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिथिलेश कुमार का स्थानांतरण, विदाई समारोह



**आरा**: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मिथिलेश कुमार का स्थानांतरण मुजफ्फरपुर न्याय मंडल में हो गया है। बुधवार को सिविल कोर्ट में मिथिलेश कुमार विदाई समारोह हुआ।

विधिक सेवा प्राधिकार व व्यवहार न्यायालय कर्मियों द्वारा उन्हें विदाई दिया गया। इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार सिंह, विशेष उत्पाद द्वितीय न्यायालय अरुण कुमार शर्मा, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह, षस्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो न्यायालय अरविंद कुमार सिंह, त्रयोदश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार सिंह, दशम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुष्यंत कुमार, अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार चौबे, सप्तदश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अजय कुमार, षष्टम अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप पटेल, पंचम अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कविंद्र कुमार समेत कई न्यायिक पदाधिकारी शामिल थे। विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों अनुसार मिथलेश कुमार के कार्यकाल में 2023 में राष्ट्रीय लोक अदालत में सबसे अधिक वादों का निष्पादन किया गया था। इसके साथ ही इनके द्वारा चलाए जा रहे विशेष मुहिम न्याय आपके द्वार के तहत पंचायत स्तर पर कमजोर एवं गरीब वर्ग के लोगों को विधिक रूप से जागरूक करना एवं उन्हें जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सहायता पहुंचाने का कार्य किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मिथलेश कुमार की जगह आदित्य सुमन पदस्थापित होंगे।

## समर कैम्प: बच्चों की प्रतिभा में लाया जा रहा निखार



**बिहिया**: सरस्वती शिशु मंदिर, बिहिया में ग्रीष्मावकाश के मौके पर बुधवार से समर कैम्प की शुरुआत हुई। इसमें विभिन्न दिनों में अलग-अलग दक्ष आचार्यों के द्वारा शारीरिक व योग, संगीत, अध्यात्म, ऐरोविकास, मेलोडियस राइम्स, कला व क्राफ्ट की जानकारी विभिन्न सत्रों में दी जाएगी। बुधवार को पहले दिन बच्चों को शारीरिक व योग की जानकारी योग आचार्य अखिलेश्वर प्रसाद ओझा ने दी।योग की विशेषता को बताते हुए उन्होंने क्रियात्मक तौर से विभिन्न प्रकार के योग जैसे ध्यान योग, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम त्राटक आदि का अभ्यास कराया।

सभी बच्चे व शिक्षक सरस वातावरण में इसका अभ्यास किया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ महथिन मंदिर के पुजारी तारकेश्वर पाठक व गैस एजेन्सी के प्रबंधक सोनू कुमार ओझा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को आनंदमयी शिक्षा से जोड़ते हुए उनके अंदर गुप्त प्रतिभा को प्रत्यक्ष साकार रूप देने के लिए आयोजित है। एक तरफ जहां विद्या भारती द्वारा संचालित समस्त विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी 22 मई से हो चुकी है। ऐसे समय में विद्यालय के समस्त आचार्यों ने यह निर्णय लिया कि हम सभी इन छुट्टियों में समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करें। अध्यात्म विषय पर चर्चा करते हुए तारकेश्वर पाठक ने कहा की अपने जीवन की दिनचर्या में अध्यात्म का स्थान दे। इससे आप की आपकी सोच सकारात्मक होगी। आगे बढ़ने की प्रेरणा व मेहनत करने की शक्ति मिलेगी। अपने जीवन में अपनी मां, दुर्गा मां, भारत मां व धरती मां को स्थान अवश्य दें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका माधुरी पाठक ने की। परिचय सुरेंद्र प्रसाद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश्वर प्रसाद द्विवेदी ने किया।

# खरीफ में धान आच्छादन का रकबा बढ़ा, निर्धारित किया लक्ष्य

**खेती-बाड़ी**



**बक्सर**: जिले का मुख्य फसल चक्र धान और गेंहू है। कृषि विभाग ने खरीफ-2023 में फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। जिले में इस वर्ष धान की खेती का रकबा बढ़ाया गया है। इस बार जिले में 98088.04 हेक्टेयर में धान की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह पिछले साल से 6 हजार 9 सौ 51 हेक्टेयर अधिक है। बता दें कि बीते वर्ष जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों में 91137 हेक्टेयर में धान की खेती की गई थी। सबसे अधिक राजपुर प्रखंड में धान की खेती कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला कृषि विभाग लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए तैयारी में जुट गया है। खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी देगा कृषि विभाग खरीफ फसल की खेती के लिए किसानों को तकनीकी जानकारी जिला कृषि विभाग की ओर से दी जाएगी। इसके लिए जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक खरीफ महाभियान कार्यक्रम का आयोजन किया किया जाएगा। डीएओ सह आत्मा के प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि आगामी 29 मई को जिला मुख्यालय से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद चौसा में 30 मई, राजपुर में 31 मई, इटाढ़ी में 1 जून, नावानगर में 2 जून, केसठ में 3 जून, चौगाई में 4 जून, डुमरांव में 5 जून, सिमरी में 6 जून, चक्की में 7 जून और ब्रह्मपुर प्रखंड में 8 जून को खरीफ महाभियान कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसमें कृषि विशेषज्ञ किसानों को तकनीकी जानकारी देंगे। वहीं जिला कृषि विभाग के अधिकारी योजनाओं और अनुदान के बारे में किसानों को जानकारी देंगे। प्रखंडवार धान की खेती का निर्धारित लक्ष्य जिले के सभी प्रखंडों में धान की खेती का लक्ष्य तय कर दिया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि लक्ष्य हो हासिल करने के लिए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर प्रखंड में 9340 हेक्टेयर, बक्सर प्रखंड में 8093 हेक्टेयर, चक्की प्रखंड में 565 हेक्टेयर, चौसा प्रखंड में 7014 हेक्टेयर, चौगाई प्रखंड में 3093 हेक्टेयर, डुमरांव प्रखंड में 12310 हेक्टेयर, इटाढ़ी प्रखंड में 16783.4 हेक्टेयर, केसठ प्रखंड में 1955 हेक्टेयर, नावानगर प्रखंड में 16051 हेक्टेयर, राजपुर प्रखंड में 20933 हेक्टेयर और सिमरी प्रखंड में 1951 हेक्टेयर रकबा में धान की खेती का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वैसे जिलेभर में 108480 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



**निज संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** बुधवार की देंर शाम एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना मोड़ समीप एनएच की है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के बर्छीवीर गांव निवासी जगदीश भुईयां (40) के रूप में हुई है। वह शाम में सब्जी खरीदने मदनपुर बाजार गया था। वह घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह थाना मोड़ समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके कारण युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और जख्मी युवक का हाल जाना। मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। नगर थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाइक सवार युवक को हाईवा ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**निज संवाददाता**

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा डिहरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार बाइक व हाईवा की टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। घायल युवक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के परता नावाडीह गांव निवासी जुमरातीन अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र गयासुद्दीन के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गयासुद्दीन अपने घर से बाइक से सामग्रियों की खरीदारी को लेकर बाजार के लिए जा रहा था। लेकिन जैसे ही संडा डिहरी मोड़ के समीप पहुंचा की सामने से आ रही एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद लोगों द्वारा घायल युवक को उठाकर आनन-फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले जाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल युवक का इलाज किया गया। फिलहाल इस घटना की सूचना घायल युवक के परिजनों को दे दी गई है।

## पिकअप ने ऑटो में मारी टक्कर, एक महिला समेत चार जख्मी

**बारूण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गुरुवार को तेज रफ्तार पिकअप ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण ऑटो पर सवार एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए। घटना बारूण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ समीप एनएच-19 की है। जख्मियों में नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी अभय कुमार, बारूण थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी मधुसन अंसारी व उसकी पत्नी मुन्नी ख़ातून व नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के गजाधर बिगहा गांव निवासी मनोज कुमार यादव शामिल है। घटना के बाद आनन-फानन में सभी जख्मियों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सभी लोग ऑटो से बाजार करने औरंगाबाद आए थे। बाजार करने के बाद वापस अपने-अपने घर ऑटो से लौट रहे थे। जैसे ही ऑटो बारूण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ समीप पहुंचे कि तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से ऑटो में टक्कर मार दी।

# सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित किया गया मोबाइल लोक अदालत

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में गुरूवार को जिले के सदर प्रखंड के परिसर में मोबाइल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें बैंक ऋण एवं अन्य मामलों का निस्तारण किया गया, साथ ही उपस्थित लोगों को लोक अदालत एवं विधिक सेवा प्राधिकार से संबंधित कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। उक्त मोबाइल लोक अदालत में बैंक से संबंधित एवं अन्य मामलों से संबंधित सैकड़ों वादों का निस्तारण हुआ। इसमें वैसे बैंक के मामले भी शामिल थे जिनका निपटारा किसी कारणवश पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में नहीं हो सका था। उक्त मोबाइल लोक अदालत हेतु न्यायिक सदस्य के रूप में बलराम सिंह तथा सदस्य के रूप में विनोद कुमार मिस्त्री एवं संजय कुमार मिश्रा के द्वारा लोगों का वाद का निस्तारण किया गया। वहीं सहयोगी के रुप में नवरत्न कुमार वाद निस्तारण में एवं लोगों को मदद हेतु तत्पर रहें।

## उपचुनाव : 88 मतदान केन्द्रों पर मतदान हुआ संपन्न

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** पंचायत उप निर्वाचन 2023 के तहत गुरुवार को यानी 25 मई को मतदान सम्पन्न हुआ। मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया की जिले के कुटुंबा और गोह छोड़ कर सभी प्रखंडों में गुरुवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 21 पदों के लिए 88 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। रफीगंज में एक मुखिया तथा दो वार्ड सदस्य के लिए 16 बूथ, नबीनगर में दो सरपंच तथा चार वार्ड सदस्य के लिए 35 बूथ, मदनपुर में एक सरपंच, दो वार्ड तथा एक पंच के लिए 16 बूथ, बारुण में एक सरपंच के लिए 14 बूथ, हसपुरा तथा ओबरा में दो-दो वार्ड के लिए दो-दो बूथ, दाउदनगर में एक वार्ड तथा एक पंच के लिए दो बूथ एवं औरंगाबाद में एक पंच के लिए एक बूथ बनाए गए । शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त, दोषरहित मतदान हेतु कुल 18 सेक्टर तथा 53 पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। मतदान समाप्ति के बाद प्रखंडों में ही स्थित बज्र गृह में पोल्ड ईवीएम और कागजात जमा किए गए। मतगणना 27 मई को संबंधित प्रखंडों के मतगणना कक्ष में होगी।

# पुरानी पेंशन लागू करने को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

**कार्यालय संवाददाता**

औरंगाबाद। अध्यापक नियमावली 2023 में नियोजित शिक्षकों के समायोजन होने तक संघर्ष जारी रखते हुए 31 मई को मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे अशोक पांडेय बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के राज्यव्यापी आह्वान पर जिला संघ औरंगाबाद द्वारा जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने धरना दिया। स्थानीय दानी बीघा बस स्टैंड में शिक्षक धरने पर बैठ गए और मांगों के समर्थन एवं सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते रहे। शिक्षकों की पुकार महागठबंधन सरकार वादे करे सकार, नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी में समायोजन करना होगा। अध्यापक नियुक्ति हेतु परीक्षा नीति में सुधार करना होगा। पुरानी पेंशन लागू करना होगा। शिक्षकों की जायज मांगें लड़कर लेगें। सभा को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह प्रधान सचिव विनय यादव जिला उपाध्यक्ष छठु सिंह, संतोष कुमार, उदय कुमार, रणविजय कुमार और जिला मीडिया प्रभारी अशोक पांडे ने संयुक्त रूप बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति , स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त ) नियमावली 2023 में पंचायती राज एवं नगर निकाय अंतर्गत नियोजित शिक्षकों को समायोजित नहीं किया जाना राज्य सरकार की दोहरी नीति का परिचायक है।

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
नुरसरत जहाँ
मुखिया
ग्राम पंचायत- चेंव
प्रखंड- रफीगंज, जिला-औरंगाबाद
निवेदक:- जैनुल अंसारी समाजसेवी

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभा देवी
ग्राम पंचायत समिति सदस्य
क्षेत्र सं.-14
प्रखंड-रफीगंज, जि. औरंगाबाद
निवेदक : गोपाल प्रसाद

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
दिव्यानंद इलेक्ट्रो होमयोपैथीक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
Affilited By Bord of electro-Homeo Pathic Medician, Patna
रेलवे गुमटी न0-1 रफीगंज, औरंगाबाद
उपेन्द्र कुमार
प्राचार्य

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
विनय प्रसाद उर्फ मिटु
मुखिया
ग्राम पंचायत- बौर
प्रखंड- रफीगंज, जिला-औरंगाबाद

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
साहित्य I.A.S. एकेडमी
क्लब रोड एवं सिन्हा कॉलेज रोड, औरंगाबाद
B.P.S.E. बिहार दरोगा, सचिवालय, बैंक, S.S.C., रेलवे की तैयारी योग्य शिक्षकों द्वारा करायी जाती है
राजीव रंजन सिंह
निदेशक

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
मगध एकेडमी कोचिंग सेन्टर
(A unit by Magadh Fourndation)
सरकारी हॉस्पिटल मुख्य द्वार के पास, देव ( औरंगाबाद)
For VIIth to Xth & XIIth
B.S.E.B & C.B.S.E. , Hindi & English Medium
I.Sc (Bio + Math) & Arts
Note : Competitive classes (Railway, Bank, SSC Defence)
Note : Competitive classes (Railway, Bank, SSC Defence)
- Specialist Teacher,
- Study Matrial दिया जायेगा।,
- Demo Class Only Five days
- Monthaly Test
- Regular Class दिया जायेगा।
दया कुमार
निदेशक
MCA
राजीव रंजन कुमार
Co-Odinator
BSc (Math

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्य क्लासेस एण्ड लाईब्रेरी
Ssc, Bank, Railway, Defence, Math, Reasoning
By Pawan Sir
five year Experience from delhi
English, G.S
By Pallvi maim
4 Time Qualified SSC
डा0 रामाशीष सिंह गली मंगलम ऑफसेट के उपर नियर रमेश चौक, औरंगाबाद
निदेशक:- पवन सर

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
औरंगाबाद आई.टी.आई
फारम, औरंगाबाद (बिहार)
ट्रेड : इलेक्ट्रीशियन एवं फीटर
नामांकन हेतु संपर्क करें
विजय कुमार
निदेशक

स्वास्थ्य एवं शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
डा. ममता मिश्रा
प्रधान सचिव (लोजपा)
मगध प्रमंडल, गया
बिहार

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार सिंह
कनीय अभियंता (मनरेगा)
प्रखंड-तिलौथू, जिला- रोहतास

## पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद में भरथौली रोड के समीप हवेली रिसॉर्ट के प्रांगण में जिले की प्रमुख सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रांतीय प्रधान महासचिव रविंद्र कुमार सिंह ने किया। जबकि, संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं प्रस्ताव पारित करते किए। प्रतिमा निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए संयोजक जगदीश सिंह ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह वरीय सदस्य प्रोफ़ेसर विजय कुमार सिंह , माध्यमिक शिक्षा संघ के नेता राम भजन सिंह ने प्रतिमा निर्माण कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के बाद बताया कि इसी वर्ष औरंगाबाद शहर में पृथ्वीराज चौहान एवं महान कवि चंद्रवरदाई जी की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। साथ ही साथ 1 जून को पृथ्वीराज चौहान जी की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक समिति बनाई गई इसका संयोजक सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह को बनाया गया। सदस्य के रूप में सुरेश विद्यार्थी एवं जयंत प्रकाश को रखा गया। जयंती समारोह में औरंगाबाद जिले के सभी वरिष्ठ प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता होगी।

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
TARGET INTERNATIONAL STUDY CENTRE
WAR, MADANPUR (AURANGABAD)
VI TO X (C.B.S.E. BOARD)
ENGLISH MEDIUM
MAXIMIZE YOUT COMING WITH OUR PERSONALI SESSIONS
WE OFFER BOTH INDIVIDUAL AND GROUP SESSION ON VARIOUS SUBJECTS AND WE ADAPT OUR METHOD OF TEACHING TO YOUR LEARNING STYLE
Mob: 9097763809, 8210870439
RAVI SIR
R.H.P.S

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राम प्रवेश सिंह
प्रबंध निदेशक
राम प्रवेश सिंह कन्स्ट्रक्शन प्रा. लि.
मिश्रवलीया, इन्द्रपुरी ( रोहतास)

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
विमलेश प्रसाद सिंह उर्फ दुना सिंह
पैक्स अध्यक्ष
पैक्स-अतिमी
प्रखंड-नासरीगंज, जिला रोहतास

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत मौर्या
निदेशक
आर.के. स्टडी सेन्टर
V to XII C.B.S.E
मुख्य शाखा : शाहपुर, द्वितीय शाखा : सिन्हा कॉलेज मोड, औरंगाबाद
द मौर्या लाइब्रेरी
नगर थाना, औरंगाबाद

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रखंड-काराकट
कैम्प गोड़ारी, जिला रोहतास

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

सत्येन्द्र यादव
पंचायत समिति सदस्य
उतरी क्षेत्र सं.-14
ग्राम पंचायत -भदवा, प्रखंड-रफीगंज
जिला - औरंगाबाद